फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 34, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 01 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### जेल में अतीक वॉट्सऐप से कॉन्टैक्ट करता था, बेटे ने लीड किया; मुस्लिम हॉस्टल में प्लानिंग

## उमेश पाल हत्याकांड में 6 नहीं, 13 शूटर थे





**प्रयागराज:** यूपी के उमेश पाल हत्याकांड में पिछले 24 घंटों में 3 बड़े खुलासे हुए हैं। पहला- प्रयागराज में उमेश की हत्या के लिए 6 नहीं 13 शूटर पहुंचे थे। इनमें 7 बैकअप में इंतजार कर रहे थे। दूसरा- हत्या की साजिश मुस्लिम हॉस्टल में रची गई थी। तीसरा- साजिश में अहम रोल अहमदाबाद के साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ का था। अशरफ बरेली जेल में बंद है। जेल से ही दोनों वॉट्सऐप कॉल के जरिए अपने गुर्गों से जुड़ते थे। यह खुलासा इलाहाबाद हाईकोर्ट का वकील और हत्या में शामिल सदाकत खान ने पूछताछ के दौरान किया। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने बताया कि सदाकत को एसटीएफ ने सोमवार को गोरखपुर से गिरफ्तार किया। ये नेपाल भागने की फिराक में था। सदाकत इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मुस्लिम बोर्डिंग हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में अवैध रूप से रह रहा था। इसी कमरे में उमेश पाल की हत्या की साजिश रची गई।

**पुलिस को अब तक दो कामयाबी मिलीं:** पुलिस ने सोमवार को अतीक अहमद के ड्राइवर अरबाज को मुठभेड़ में मार गिराया है। वहीं, सदाकत खान को गिरफ्तार किया है। बाकी लोगों की तलाश कर रही है। इस बीच, अतीक की पत्नी ने इलाहाबाद जिला अदालत में याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि उसके बेटों का सुराग नहीं मिल रहा है।

उमेश पाल की हत्या 24 फरवरी को धूमनगंज में की गई थी। शूटर्स ने चारों तरफ से फायरिंग की थी।

उमेश पाल की हत्या 24 फरवरी को धूमनगंज में की गई थी। शूटर्स ने चारों तरफ से फायरिंग की थी।

पुलिस की अब तक की जांच में पता चला है कि 24 फरवरी को धूमनगंज शूटआउट में कुल 13 शूटर शामिल थे। पुलिस ने शाबिर नाम के एक और शूटर की पहचान की है, जो राइफल से गोलियां चला रहा था। सीसीटीवी में उसकी तस्वीर सामने आई है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद अतीक के बेटे असद, बमबाज गुड्?डू मुस्लिम, गुलाम और अरबाज की पहचान की गई थी। 5वें साजिशकर्ता की पहचान सदाकत खान के रूप में की गई है। माफिया अतीक का बेटा असद शूटरों को लीड कर रहा था। 13 शूटर मारने आए थे। 6 गोली चला रहे थे, जबकि 7 बैकअप में थे।

### सदाकत के कमरे से मिले सुराग, नेपाल भागने की फिराक में था

**एडीजी** एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि सदाकत गाजीपुर के बारा गहमर गांव का रहने वाला है। 27 साल के सदाकत ने गिरफ्तारी के वक्त अपने आपको इलाहाबाद हाईकोर्ट का वकील बताकर धौंस जमाने की कोशिश की थी। पुलिस उसे लेकर मुस्लिम बोर्डिंग के 36 नंबर कमरे में पहुंची। कमरे की तलाशी में कई अहम सुराग मिले हैं, जिस पर एसटीएफ की टीमें काम कर रही हैं। सदाकत ने पूछताछ में बताया कि वह नेपाल भागना चाहता था। तभी उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने बताया कि सदाकत ने कमरे के सर्च के बाद एसटीएफ के कब्जे से भागने की कोशिश की। इसके बाद वह डिवाइडर से टकरा गया। उसे चोट भी आई है। सदाकत के आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में पुलिस पता लगा रही है।

**सदाकत खान का सपा कनेक्शन, अखिलेश के साथ फोटो वायरल**

गिरफ्तार वकील सदाकत खान का सपा कनेक्शन सामने आया है। उसकी सपा के मुखिया अखिलेश यादव के साथ फोटो सामने आई है। एक ग्रुप फोटो में वह अखिलेश के साथ हाथ मिलाता दिख रहा है। सदाकत की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया में यह फोटो अब वायरल हो रही है।

## सीएम का जनता दरबार, बोले- माफियाओं की कमर तोड़ देंगे




**गोरखपुर:** गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार लगाया। इस दौरान उन्होंने अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे 300 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद अफसरों से कहा कि समस्याओं के निस्तारण में देरी न हो। लोगों को शीघ्र न्याय मिले। मुख्यमंत्री ने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से दो टूक कहा कि अपराध करने वाला चाहे जो भी हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। अपराधियों का मनोबल किसी भी सूरत में न बढ़ने पाए। सीएम ने कहा कि भूमाफियाओं की कमर तोड़ दें। ताकि वह किसी गरीब या कमजोर की जमीन पर कब्जा न कर पाएं। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान का खयाल रखने की हिदायत दी।

### अतीक की पत्नी ने लिखा- योगीजी पति को बचा लीजिए

**लखनऊ: यूपी** के बाहुबली अतीक अहमद की पत्नी ने सीएम योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखकर पति की जान बचाने की गुहार लगाई है। एक वक्त ऐसा था जब अतीक पूर्वांचल में खौफ का दूसरा नाम था। खौफ ऐसा था कि 10 जजों ने उसके केस की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। अतीक अहमद भले ही गुजरात की साबरमती जेल में बंद है, लेकिन हाल ही में प्रयागराज में हुए उमेश पाल मर्डर के चलते वह फिर से चर्चा में है। दरअसल, पूर्व विधायक राजू पाल की हत्या का उमेश मुख्य गवाह था ।

## बजट: बिहार में होगी बंपर भर्ती



**पटना: बिहार** के वित्त मंत्री विजय चौधरी ने मंगलवार को बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया। अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव और 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार के बजट को बेहद अहम माना जा रहा था। उम्मीद के अनुसार, बिहार बजट 2023-24 में नीतीश सरकार ने बंपर भर्ती का एलान किया है। लोक सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही महिला अभ्यर्थियों को भी सरकार ने तोहफा दिया है। रोजगार और महिला सशक्तिकरण पर नीतीश सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। नीतीश सरकार ने बजट में केंद्र से बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग भी की है।

बजट में रोजगार को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि युवा शक्ति बिहार की शक्ति है। राज्य में 32 फीसद आबादी युवाओं की है। सरकार की 10 लाख युवाओं को रोजगार देने की योजना है। राज्य के विभिन्न पदों और सेवाओं के लिए बिहार लोक सेवा आयोग में लगभग 50 हजार नौजवानों को नौकरी मिलेगी। कर्मचारी चयन आयोग से लगभग 2900 नौजवानों को जॉब मिलेगा।

बिहार तकनीकी सेवा आयोग को करीब 12 हजार, यानी कुल मिलाकर 63 हजार 900 पदों पर भर्ती के लिए सूचना भेजी जा चुकी है। विजय चौधरी ने कहा कि बिहार पुलिस में 75543 के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए स्वीकृति दी गई है। बिहार के प्राथमिक विद्यालयों में 90 हजार 762 विज्ञापित पदों के विरुद्ध 42 हजार टीचरों की नियुक्ति की जा चुकी है। बचे हुए 48 हजार 762 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।

## टारगेट किलिंग पर कश्मीरी पंडितों का प्रदर्शन



**पुलवामा/जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में टारगेट किलिंग में मारे गए कश्मीरी पंडित संजय शर्मा का सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके अंतिम संस्कार में पुलिस अधिकारियों समेत कई नेता और स्थानीय लोग शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी संजय शर्मा के परिजनों से मुलाकात की। आतंकियों ने रविवार को सुरक्षाकर्मी शर्मा को उस समय गोली मार दी थी, जब वह बाजार में पत्नी के साथ जा रहे थे। वहीं, हत्या के विरोध में सैकड़ों कश्मीरी पंडितों ने जम्मू में विरोध प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री पैकेज के तहत नौकरी कर रहे कश्मीरी पंडितों ने कश्मीर से बाहर ट्रांसफर की अपनी मांग दोहराई। भाजपा, शिवसेना, डोगरा फ्रंट और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने टारगेट किलिंग के खिलाफ प्रदर्शन किया। पीडीपी प्रमुख और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने सवाल किया कि अगर आतंकवाद खत्म हो गया तो उसे किसने मारा? सरकार क्या कर रही है?

**कश्मीरी पंडितों की मदद करने वाले मुस्लिम आज खुद संकट में:** महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जिस बेदर्दी से संजय शर्मा की हत्या की गई उसके लिए हम शर्मिंदा हैं। कभी कश्मीरी पंडितों की मदद करने वाले मुस्लिम आज खुद संकट में हैं।

सरकार उग्रवाद कम करने के नाम पर हमारे लोगों (मुसलमानों) को जेल भेज रही है। उन्होंने कहा कि एनआईए, ईडी टेरर फंडिंग के नाम पर छापेमारी कर रही है। मैं सरकार से मृतक की पत्नी को नौकरी देने की अपील करती हूं। उसके 3 बच्चे हैं और प्रत्येक को मुआवजे के रूप में 5 लाख रुपये मिलने चाहिए।

**सुरक्षा का दावा फेल:** प्रदर्शनकारी योगेश पंडिता ने कहा कि उनकी ड्यूटी पर लौटने के लिए सुरक्षित माहौल का सरकार का दावा बेनकाब हो गया है। पंडिता ने कहा- हम जमीनी हकीकत से पूरी तरह वाकिफ हैं।

### हमारे पास बुद्धि कम, इसलिए एक बना सके: आपने कोई फोरलेन बनाया हो तो बता दीजिए

## बीजेपी अमेरिका जैसी सड़क बनाना चाहती है: अखिलेश



**लखनऊ: उत्तर** प्रदेश विधानसभा सत्र के आठवें दिन सदन में अखिलेश ने बीजेपी को घेरा। कहा कि आप अमेरिका की तरह सड़क बनाना चाहते हैं। मगर आपका एक्सप्रेस-वे कैसा है। पूरी गाड़ी अंदर चली गई। सिंगल पेयर एलिवेटेड रोड सपा ने दी। हमारे पास बुद्धि कम है, हम एक ही बना सके। आप ही बना देते। आपने एक भी फोरलेन बनाया हो तो बता दीजिए। आपकी डबल इंजन सरकार में क्या इंजन टकरा रहे हैं। एक्सप्रेस-वे के लिए यूपी को बजट नहीं मिलता है।

**'दिल्ली वाले यूपी को एक्सप्रेस-वे के लिए बजट नहीं देते':** अखिलेश यादव ने कहा कि अमेरिका ने सड़क बनाई और सड़क ने अमेरिका बनाया। ये कहते हैं कि अमेरिका की तरह सड़क बनाएंगे। मैं पूछता हूं क्या तय समय में गंगा एक्सप्रेस-वे बन जाएगा। दिल्ली वालों ने यूपी को किस एक्सप्रेस-वे के लिए बजट दिया। 27470 करोड़ ढहऊ का बजट था, 7570 करोड़ ही खर्च कर पाए।

**'डबल इंजन सरकार में दोनों इंजन आपस में टकरा रहे':** आपके पास डबल इंजन है, क्या दोनों इंजन आपस में टकरा रहे हैं। अखिलेश ने सदन में पूछा कि हम इन्वेस्टमेंट कैसे हासिल करेंगे, इसका सोर्स क्या है? जो लक्ष्य रखे हैं, उसके लिए 34% की ग्रोथ रेट चाहिए। अगले 4 साल में यूपी क्या उम्मीद कर सकता है। इस लक्ष्य के लिए सपा आपके साथ खड़ी है। मगर मुख्यमंत्री को अपना इकोनॉमी एडवाइजर को बदल देना चाहिए।

**'200 करोड़ देकर सरकार सिर्फ सुझाव ले रही':** उन्होंने कहा कि एक संस्था को हैक किया गया है। सिर्फ मुख्यमंत्री को गुमराह करने के लिए।

## सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत



**नई दिल्ली: सुप्रीम को**र्ट ने मंगलवार को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की याचिका खारिज करते हुए कहा कि आपके लिए दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका सहित विभिन्न कानूनी उपाय उपलब्ध हैं। बता दें कि आबकारी नीति मामले में मुश्किलों में फंसे मनीष सिसोदिया ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

**मनीष सिसोदिया की रविवार को हुई थी गिरफ्तारी:** बता दें कि दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को आबकारी नीति घोटाला मामले में रविवार को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। सोमवार को मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी ने देश भर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आप नेताओं ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला था

**मनीष सिसोदिया को पांच दिन की हिरासत में भेजा:** उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू की विशेष सीबीआई अदालत ने चार मार्च तक के लिए सीबीआई हिरासत में भेज दिया था।

## कश्मीरी पंडित की हत्या करने वाला ढेर



**अवंतीपोरा:** कश्मीर में अवंतीपोरा के पडगामपोरा इलाके में सेना और आतंकियों के बीच सोमवार रात से चल रही मुठभेड़ खत्म हो गई। मंगलवार दोपहर तक सेना ने 2 आतंकियों को ढेर कर दिया। पुलिस ने मारे गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। बाकी आतंकियों की तलाशी अभी भी चल रही है। डीआईजी रईस मोहम्मद भट ने बताया कि पहले मारा गया आतंकी अकीब मुश्ताक भट और दूसरा आतंकी एजाज अहमद भट है। एजाज, जैश के लिए काम करता था।

**अकीब ने ही संजय की टारगेट किलिंग की थी:** अकीब वही आतंकी था, जिसने रविवार को सुरक्षाकर्मी और कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या कर दी थी। अकीब ए कैटेगरी का लिस्टेड आतंकी था। उसने शुरूआत में हिजबुल मुजाहिद्दीन के लिए काम किया, इन दिनों वह टीआरएफ के साथ काम कर रहा था।

**मुठभेड़ में घायल जवान शहीद:** इस मुठभेड़ दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए थे। इनमें से एक जवान की 92 बेस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गई। कश्मीर जोन पुलिस के मुताबिक इलाके में और भी आतंकियों के छिपे होने की खबर है। सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सेना ने इलाके के अपने कब्जे में ले लिया है और आतंकियों की तलाश की जा रही है।

**रविवार को हुई थी संजय शर्मा की हत्या:** आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में रविवार को सुरक्षाकर्मी शर्मा को उस समय गोली मार दी थी, जब वह बाजार में पत्नी के साथ जा रहे थे। टारगेट किलिंग में मारे गए कश्मीरी पंडित संजय शर्मा का सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके अंतिम संस्कार में पुलिस अधिकारियों समेत कई नेता और स्थानीय लोग शामिल हुए।

## तीन मार्च को ही होगा पंजाब का बजट सत्र



**चंडीगढ़**

पंजाब विधानसभा का बजट सत्र तीन मार्च से ही होगा। पंजाब सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को यह जानकारी दी। सॉलिसिटर जनरल ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि राज्यपाल ने 3 मार्च को सुबह 10 बजे विधानसभा बुलाने का आदेश पारित किया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पंजाब सरकार राज्यपाल द्वारा मांगी गई जानकारी देने के लिए बाध्य है। पंजाब सरकार और गवर्नर के बीच टकराव पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संवैधानिक अधिकारियों को आधिकारिक संचार में निश्चित स्तर की बातचीत को बनाए रखना है। साथ ही, विधानसभा बुलाने पर कैबिनेट की सिफारिशों को स्वीकार करना भी राज्यपाल का कर्तव्य है। इससे पहले पंजाब सरकार की तरफ से कहा गया कि राज्यपाल संविधान का पालन नहीं कर रहे। इससे पहले गवर्नर की तरफ से विधानसभा का बजट सत्र बुलाने की अनुमति नहीं दिए जाने के खिलाफ पंजाब सरकार सोमवार को सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। पंजाब सरकार ने सोमवार सुबह अतिरिक्त महाधिवक्ता शादान फरासत के माध्यम से भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की। इस याचिका पर मंगलवार दोपहर को सुनवाई हुई। इस याचिका में पंजाब के राज्यपाल के प्रधान सचिव को पहले प्रतिवादी के रूप में रखा गया था। याचिका में तर्क दिया गया था कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार सरकार द्वारा दी गई सहायता और सलाह के अनुसार राज्यपाल को विधानसभा को बुलाना पड़ता है।

**यह था विवाद:** पंजाब सरकार के कैबिनेट ने प्रस्ताव पारित कर राज्यपाल से विधानसभा का बजट सत्र तीन मार्च से बुलाने की अनुमति मांगी थी।

## प्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत: शिवराज

**भोपाल:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश विधानसभा में मंगलवार को पेश आर्थिक सर्वेक्षण के आंकड़ों पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जो तथ्य सामने आए हैं, वह यह सिद्ध करते हैं कि मध्यप्रदेश की आर्थिक स्थिति मजबूत है। उन्होंने कहा कि हमने वित्तीय अनुशासन और सुशासन के साथ सर्व-समावेशी विकास किया है। वहीं, दूसरी तरफ राज्य के बजट का आकार लगातार बढ़ा है। हमारा कर संग्रहण लगातार बढ़ता चला जा रहा है। मुझे यह कहते हुए गर्व है 2022-23 में मध्यप्रदेश की आर्थिक विकास दर में 16.43% की वृद्धि हुई है। आपको याद होगा। पिछली बार 2021-22 में हमारी आर्थिक वृद्धि दर 18.02% थी। अब 18.02% की वृद्धि दर के ऊपर फिर से 16% से ज्यादा वृद्धि दर हासिल करना अपने आप में यह सिद्ध करता है कि मध्यप्रदेश आर्थिक दृष्टि से भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**जीडीपी में कई गुना बढ़ोतरी:** शिवराज ने दावा किया कि मध्यप्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद 2001-02 में 71, 594 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर अब 13.22 लाख करोड़ रुपये हो गया है। अब इससे अंदाज लगा सकते हैं, हमारी जीएसडीपी किस गति से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय देखें तो 2001-02 में 11,718 रुपये थी, जो 2011-12 में बढ़कर 38,497 रुपये और अब 2022-23 में 1.40 लाख रुपये हो चुकी है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ने का मतलब है कि लोगों के पास लगातार आय के साधन बढ़ रहे हैं।

**कर्ज के आरोपों पर दिया जवाब:** शिवराज ने कहा कि विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि हम कर्ज लेते जा रहे हैं। जबकि हकीकत तो यह है।

## खबर संक्षेप

### सघन चेकिंग के दौरान सहसों निवासी युवक गांजा के साथ गिरफ्तार

**सहसों।** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश अभियान के तहत सघन चेकिंग अभियान के दौरान उतरांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के एकडला के समीप सर्विस रोड पर सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों क्षेत्र के सहसों बाजार निवासी विनय केसरवानी पुत्र स्वर्गीय सुरेश चंद केसरवानी 40 वर्षीय को अवैध गांजा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त विनय केसरवानी के पास से खान तलाशी पर 1 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित थाने में नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक महेश चन्द्र थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज, कांस्टेबल रविन्द्र कुमार थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज शामिल रहे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक की सिर कटी लाश जेब मे मिला सुसाइड नोट

**आर्मी में भर्ती के लिए अधिवक्ता ने पांच लाख हडप लिया जिससे आहत होकर छात्र ने खुदकुशी कर ली**

**मऊआइमा के रामनगर गंसियारी रेलवे ट्रैक पर हरिद्वार स्प्रेस से कटा छात्र, जेब में मिला सोसाइड नोट**

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** सैनिक में भर्ती के लिए अधिवक्ता ने एक छात्र से पांच लाख रुपये लिए। परन्तु अधिवक्ता की दगा बाजी से आहत हाईस्कूल का परीक्षार्थी ने मंगलवार को सुबह हरिद्वार स्प्रेस से कट कर आत्महत्या कर ली। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में ले कर परिजनों को सूचना दी। मृतक परीक्षार्थी के जेब से एक सोसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है। पंचनामा भरकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा के ग्राम रामनगर गंसियारी रामफल इनारी पुलिस चौकी के पीछे मंगलवार को सुबह सात बजकर चौंतीस मिन्ट पर हरिद्वार स्प्रेस प्रतापगढ़ से आयी जैसी वह मऊआइमा और विश्वनाथ गंज के बीच पहुंची एक युवक ट्रेक पर पहले से लेटा था। ट्रेन चालक गति धीमी नहीं कर सका जिससे एक युवक कट गया। मऊआइमा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन चालक ने ट्रेन रोक कर स्टेशन मास्टर मोहम्मद इरफान को सूचना दी। फिर ट्रेन अपने गंतव्य को रवाना हो गई। स्टेशन मास्टर मोहम्मद इरफान ने



इसकी सूचना मऊआइमा थाने को दी। जिसपर चौकी प्रभारी राम बालक सिंह मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर जेब में मिले सोसाइड नोट को पढ कर परिजनों को सूचना दी। परिजन रोते बिलखते मऊआइमा थाने आआए। जिसकी शिनाख्त आर्यन प्रताप सिंह 19 वर्ष पुत्र राघवेंद्र प्रतापगढ़ सिंह ग्राम नूरपुर कासापुर थाना देल्हूपुर के रूप में हुई। मृतक के पिता राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उसके दो पुत्र एक पुत्री में से आर्यन प्रताप सिंह दूसरे नम्बर का था। बडा पुत्र दुर्गेन्द्र प्रताप सिंह दिल्ली इंजीनियर है। उसके बाद आर्यन प्रताप सिंह इन दिनों इस्लामिया इंटर कॉलेज रामपुर बजहा मान्धाता में हाईस्कूल का परीक्षा दे रहा था। मृतक के पिता के अनुसार सोमवार को शाम लगभग छह बजे से आर्यन प्रताप सिंह गायब था। जिसकी तलाश की जा रही थी। मंगलवार को मंहूस खबर मिली। जिससे उसकी पत्नी मंजू सिंह और छोटी पुत्री महमा सिंह सहित सभी का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक आर्यन प्रताप सिंह के जेब में मिले सोसाइड नोट में लिखा है कि में खुदकुशी करने जा रहा हूँ। मेरा आर्मी में जाने का सपना अधूरा रह गया।में कायर नहीं हूं। मेरे मौत का कोई परिजन जिम्मेदार नहीं है। मृतक के पिता रावेंद्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि नोयडा द्वारिका पुरी का एक अधिवक्ता तीन माह पूर्व फौज में भर्ती कराने के लिए पांच लाख लिया था। जिसके लिए वह तैयारी भी कर रहा था।रोज सुबह शाम दौडता था। अधिवक्ता रोज आज कल पर टालता रहा।और तमाम बहाना बाजी कर रहा था ।जिससे आहत हो कर उसके पुत्र ने आत्महत्या कर ली है।वह नोयडा जाकर केस करेंगें। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# प्रशिक्षण संस्थान से लाखों रुपये के उपकरण हुए चोरी



अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा धरवारा में स्थित फूल दुलारी निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार की रात्रि में अज्ञात चोरों की ओर से संस्थान का ताला तोड़कर संस्थान के कीमती उपकरण चोर उठा ले गए। जिससे संस्था मालिक समेत अध्ययनरत विद्यार्थी लोग चिंतित व मायूस है। मंगलवार को संस्थान के प्रबंधक भानु प्रताप सिंह की ओर से अज्ञात चोरों के खिलाफ करछना थाने में लिखित तहरीर दी गई है। उन्होंने बताया कि संस्थान परिसर में लगा समरसेबल की मोटर जहां चोर खोल ले गए । वहीं संस्थान का ताला काटकर अंदर घुसे चोरों ने जनरेटर की मोटर ग्राइंडर मशीन डीसी सीरीज व डीसी मोटर सहित अन्य छात्र-छात्राओं के अध्ययन व प्रशिक्षण हेतु तमाम कीमती उपकरण सहित अन्य जरूरी विद्यालयी सामान चोर उठा ले गए । मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर वापस चली गई। आईटीआई में हुई चोरी से विद्यालय परिवार में आक्रोश व्याप्त है। वही करछना क्षेत्र में आए दिन एक के बाद एक हो रही चोरियों के प्रति लोग चिंतित व भयभीत हैं।

### आधी रात को चोरों ने अलमारी में रखा आभूषण 8000 नकदी किया पार

**करछना।** थाना क्षेत्र के भीरपुर चौकी अंतर्गत पनासा गांव मे सोमवार की रात चोरों के द्वारा अलमारी में रख आभूषण और 8000 नकदी उठा ले गए। पनासा गांव के कुंवर बहादुर पांडेय पुत्र रामजी पांडेय के घर में छत के रास्ते घुसे चोर ने अलमारी में रखा 5 लाख कीमत के आभूषण एवं 8000 नकदी को पार कर दिया। वही घर की महिला जो अपने बच्चे को दूध गर्म करने किचन मे गई उसी दौरान अलमारी में चाबी लगी रह गई और मौका पाकर घर में छुपे चोर अलमारी में रखा आभूषण निकाला तभी महिला को आहट होने पर वह चोर के पास पहुंची तो चोर ने उनको धक्का देकर गिरा दिया और आभूषण व नकदी लेकर फरार हो गया जिसकी सूचना डायल 112 नंबर पुलिस को दी मौके पर पुलिस जांच पड़ताल की,लेकिन चोरो का पता नही लगा पाई।पुलिस ने भुक्तभोगी कुंवर बहादुर से तहरीर लेकर कार्यवाही कर रही है।




## सीएचसी शंकरगढ़ की डा. रीता सिंह को वाराणसी में मिला सम्मान

**शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत डा. रीता सिंह को वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है। प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. रीता सिंह ने सर्जरी के पश्चात घाव भरने की प्रक्रिया को लेकर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया, जिसमें उनके प्रयासों की सराहना की गई। महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टरों की राष्ट्रीय संस्था एफओजीएसआई के द्वारा वाराणसी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. रीता सिंह को सम्मानित किया गया। डा. रीता सिंह ने अपनी रिसर्च के माध्यम से बताया कि महिलाओं में होने वाली सर्जरी के पश्चात घाव भरने की प्रक्रिया में किस प्रकार से तेजी लाई जा सकती है और निशान भी कम से कम रखने का प्रयास किया जा सकता है। डा. रीता की इस उपलब्धित पर सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक,डॉ स्वेता पांडेय,डॉ अनूप सिंह,डॉ संजय सिंह,डॉ पुनीत,डॉ अनिल समेत तमाम चिकित्सकों ने उन्हे शुभकामनाएं दी हैं।

## पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव घर पहुचा मचा कोहराम

**लापता लापता युवक का मद्रा मुकुंदपुर के गंगा घाट पर रविवार को मिला था शव, हत्या की आशंका में आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस चौकी पर किया हंगामा**

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में तीन दिन से लापता युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। मां, भाई और बहन तथा परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल हो रहा था। मेजा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सिरसा स्थित गांधीनगर मोहल्ला निवासी स्वर्गीय पन्नालाल दलित के तीन बेटों में सबसे छोटा बेटा नीरज कुमार तीन दिन पूर्व बाजार के ही एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह में शिरकत करने गया था। उसी रात वह लापता हो गया। तीसरे दिन रविवार को लापता युवक का शव मदरा मुकुंदपुर के गंगा घाट पर बने पांटून पुल के रस्से में फंसा उतराता हुआ मिला। जानकारी होने पर पहुंची मेजा पुलिस टीम ने शव का पहचान कराने के बाद विधिक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया सोमवार की शाम को दिवंगत युवक का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। शव को देखकर परिजन सहित अनेक लोग पुलिस के लापता युवक का मदरा मुकुंदपुर के गंगा घाट पर रविवार को मिला था शव हत्या की आशंका में

**आक्रोशित ग्रामीणों ने चौकी पर किया हंगामा :** आक्रोशित ग्रामीणों ने चौकी पर नारेबाजी करते करने लगे। लोगों का कहना था कि दिवंगत की हत्या की गई है, लेकिन पुलिस इस मामले में कुछ नहीं कर रही है। मौके हपर पहुंची मेजा पुलिस टीम के साथ रहे इंस्पेक्टर मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र तथा सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश कुमार ने परिजनों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए समझा बुझाकर किसी तरह मामला शांत कराया और शव का अंतिम संस्कार करने की सलाह दी। देर शाम सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में दिवंगत का अंतिम संस्कार सिरसा के छतवा गंगा घाट पर कर दिया गया। बेटे की मौत से मां जयपत्ती देवी तथा दो बड़े भाइयों और बहन एवं घरवालों का रोते बिलखते बुरा हाल हो रहा था, घर में कोहराम मचा हुआ था। आसपास में एकत्रित लोग इस घटनाकी चर्चा कर करते रहे।

# रोकडी : श्रीमद्भागवत कथा में भक्तों की जुटी भीड



अखंड भारत संदेश

**करछना।** रोकडी गांव में जन कल्याण हेतु चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में कथा सुनने के लिए भक्त श्रोता जनों की भीड़ जुट रही है । भक्त लोग संगीतमय कथा सुन भाव विभोर हो रहे हैं । कथा के चौथे व मंगलवार के दिन कथा के व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुना कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। और बाल कृष्ण भगवान के अद्भुत अनेक अलौकिक लीलाओ का गुणगान भी किया। कृष्ण जन्म उत्सव पर खूब बजी बधाइयां । जिसमें मथुरा में जन्मे कन्हाई नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की । सहित आदि छंदों की प्रस्तुतियां भी हुई। इसके अलावा महिलाओं की ओर से सुमांगलिक गीतो सहित सोहर गीतों के गायन भी हुए । वही कलाकारों की ओर से बाल कृष्ण भगवान की सुंदर आकर्षक व मनमोहक झांकी भी निकाली गई। जो दर्शकों को मंत्र मुक्त किए रही। इसके पूर्व कथा व्यास ने प्रहलाद चरित्र व वामन चरित की कथा विस्तार पूर्वक कही। उन्होंने लोगों से कथा श्रवण पर विशेष बल दिया । और बताया कि भागवत कथा मोक्षदायिनी है। कथा के मुख्य श्रोता यजमान सुशीला देवी पत्नी स्व लक्ष्मीकांत तिवारी की ओर से कथा व्यास सहित पुरोहित पं पवन कुमार मिश्र आचार्य पं देवकीनंदन मिश्र व पं अखिलेश मिश्र का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया । कथा के आयोजक के के तिवारी व संयोजक पारसनाथ तिवारी तथा व्यवस्थापक गौरी नाथ तिवारी पिंटू की ओर से मौजूद सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया गया । इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी निराला एडवोकेट रवी कांत तिवारी राम अभिलाष तिवारी राम अक्षवर शुक्ल कामता प्रसाद पांडेय विभव नाथ पांडेय शशिकांत राकेश कुमार उमानाथ द्विवेदी पुष्कर संजीव प्रदीप विनीत साकेत शिवम शुभम ध्रुव आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

### नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हांथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की

**जंघई।** बरियांवा, नीबी वारी गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे भगवान का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा इस दौरान उपस्थित लोग झूमने-नाचने लगे। भगवान श्रीकृष्ण की वेश में नन्हें बालक के दर्शन करने के लिए लोग लालायित नजर आ रहे थे। कथा व्यास कुलगुरु आचार्य रमेश प्रसाद शुक्ल ने कहा कि जब धरती पर चारों ओर त्राहि-त्राहि मच गई, चारों ओर अत्याचार, अनाचार का साम्राज्य फैल गया तब भगवान श्रीकृष्ण ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में जन्म लेकर कंस का संहार किया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का वर्णन किया कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया उपस्थित सैकड़ों लोग भागवत कथा सुनकर भावविभोर हो गये। इस अवसर पर यजमान पंडित बरमदीन तिवारी, रामरत्ती देवी, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, लालती देवी, चंद्रकांत तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, आचार्य रामदेव तिवारी सोहगौरा महाराज, छोटेलाल तिवारी, धीरज द्विवेदी,पंडित विष्णु पांडेय, मनमोहन पांडेय, मातेश्वर ओझा, सुरेंद्र प्रसाद शुक्ल शिवांग, सत्यांश तिवारी, फोटो तिवारी, रुपा तिवारी, श्रद्धा तिवारी, दिव्यांश तिवारी कान्हा, श्रुति तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# आल इंडिया प्रवेश परीक्षा में पारस को मिली सफलता

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल, सिंधी टोला में अध्ययनरत छात्र का चयन आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में हुआ है। छात्र की सफलता पर विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ प्रबंधक प्रकाशचंद्र मिश्र ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

प्रबंधक प्रकाशचंद्र मिश्र ने बताया कि न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की क्षमता और रुचि के अनुसार आगे की परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। जनवरी 2023 में आल इंडिया सैनिक स्कूल में प्रवेश की लिखित परीक्षा हुई थी, जिसमें न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा आठ के छात्र पारस

**न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र है शंकरगढ़ का निवासी पारस गुप्ता**



गुप्ता पुत्र चंद्रमन गुप्ता सहित छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। रविवार को ऑल इंडिया सैनिक प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट घोषित हुआ, जिसमें न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के छात्र पारस गुप्ता को सफलता मिली है। प्रबंधक प्रकाशचंद्र मिश्रा ने छात्र को प्रवेश परीक्षा में सफल होने पर बधाई देते हुए उसका मुंह मीठा कराया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कक्षा अध्यापक निकेता पांडेय ने छात्र को सफलते के कई टिप्स दिए। इस मौके पर साक्षी

# अमृत बजट में सभी का खास ख्याल : केसरी देवी पटेल

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** समूचा देश आजादी का 75 वें वर्षगांठ का अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए गए बजट को अमृत बजट का नाम दिया गया है। जिसमें किसान, गरीब, मजदूर, व्यापारी, महिलाओं एवं मध्यम वर्ग सभी के हित के लिए कुछ न कुछ प्रावधान किया गया है। उक्त विचार सहसों स्थित छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज में मंगलवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान फूलपुर सांसद केसरी देवी पटेल ने कही। उन्होंने कहा प्रयागराज का रेलवे स्टेशन हिंदुस्तान का सबसे खूबसूरत, आधुनिकता से लैस एवं भव्य रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है। जिसकी लागत 750 करोड़ रुपए होगी। यहां पर रिंग रोड का निर्माण प्रस्तावित है। जिसके अंतर्गत गंगा एवं यमुना नदी में नए पुल का निर्माण होगा। प्रयागराज-रायबरेली मार्ग एवं प्रयागराज से एयरपोर्ट होते हुए मंझनपुर तक सीधे मार्ग प्रस्तावित है। यहां की एयरपोर्ट बहुत कम समय में बड़ी उपलब्धि हासिल किया है। जल्द ही प्रयागराज से नागपुर, चेन्नई, कोलकत्ता एवं हैदराबाद के लिए सीधी उड़ान उपलब्ध होगी। प्रदेश सरकार ने भी प्रयागराज के लिए बहुत कुछ दिया है। आधा दर्जन फ्लाई




ओवर सहित लगभग 2500 सौ करोड़ रुपए के विकास कार्य कुंभ से पहले प्रदेश सरकार के माध्यम से यहां पर कराया जाएगा। पीएम व सीएम देश और प्रदेश के विकास को असली जामा पहनाने के लिए पूरी तरह से लगे हुए है इस अमृत बजट में जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी का खास ख्याल रखा गया है। इस दौरान पार्टी के गंगापार जिला अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, महामंत्री जीत लाल त्रिपाठी, मनोज निषाद, जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल, कविता पटेल, किरन त्रिवेदी, बृजेश तिवारी, सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### बार एसोसिएशन बारा के अध्यक्ष ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बारा।** बार एसोसिएशन तहसील बारा के अध्यक्ष देवमणि यादव की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता उमेश पाल की हत्या की निंदा की गई और महामहिम राज्यपाल/ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम बारा को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से उमेश पाल के हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी, अधिवक्ताओं की सुरक्षा, उमेश पाल के परिवार के भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता और अधिवक्ताओं के मान सम्मान की सुरक्षा करने की मांग की गई है। एसडीएम बारा सूदन अब्दुल्लाह ने ज्ञापन को अग्रसारित करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर अयोध्या प्रसाद पाठक, अशोक सिंह, कमलेश्वर सिंह, प्रदीप मिश्र, मनीष द्विवेदी, चंद्र दत्त पाण्डेय, सिपाही लाल कुशवाहा, संतोष सिंह चौहान, मोहम्मद शाहिद, अनुराग कुशवाहा,कलीम अहमद आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



### प्रयागराज के दो स्टार्टअप्स ने यूजीआई से किया समझौता

**नैनी।** स्थित यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के यूनाइटेड इनक्यूबेशन हब (यूआईएच) में इनक्यूबेट किया इसके लिए इन स्टार्टअप्स के प्रतिनिधियों ने यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी स्थित यूआईएच में हुई बैठक में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इन स्टार्टअप्स में गृहणीकला प्राइवेट लिमिटेड और ईसीएस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं इनक्यूबेट वह प्रक्रिया है जिसके जरिये स्टार्टअप्स अपने विकास के लिए इनक्यूबेशन सेंटर से आवश्यक सुविधाएं प्राप्त करते हैं समझौता ज्ञापन पर निदेशक, यूआईएच गौरव गुलाटी एवं सीईओ शिवेश गौड़ तथा दोनो स्टार्टअप्स के संस्थापकों क्रमशः ऋषभ दुबे और अर्पिता कुवाहा, गृहणीकला से और प्रदीप सिंह ईसीएस से, हस्ताक्षर किए यह समझौता यूआईटी के प्रिंसिपल प्रो संजय श्रीवास्तव और डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर, यूनाइटेड कॉलेड ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड रिसर्च (यूसीईआर) प्रो नंदिता प्रधान की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर कहा कि इस समझौते से दोनों उद्यमी, यूआईएच की सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे और अपने व्यवसाय को गति प्रदान कर सकेंगे। पीआरओ राजेश श्रीवास्तव, यूआईएच के हेड अमिताभ श्रीवास्तव, प्रबंधक हर्षिता श्रीवास्तव एवं मानस पाण्डेय उपस्थित रहे।



### नेत्र परीक्षण शिविर में चार सौ मरीजों कराई जांच

**करछना।** प्रकाश हॉस्पिटल भीरपुर करछना में मंगलवार को निः शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में बडी संख्या में लोगों ने फ्री आई कैंप का आयोजन में भाग लिया जिसमें 400 मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें दवाएं दी गई , एवं 30 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया अस्पताल के निदेशक डॉ विजय बाबू यादव ने सभी मरीजों का कुशल चिकित्सको द्वारा आयोजित शिविर में परीक्षण कराया और इस शिविर में कयी कुशल चिकित्सको ने परीक्षण में शामिल रहे,



### नैनी कोतवाली में त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई

**नैनी।** थाना कोतवाली परिसर में आने वाले त्यौहार होली एवं शबे बरात को लेकर एसडीएम करछना एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान नैनी थाना अपराध निरीक्षक मोहम्मद अली की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक की गई बैठक में आए हुए सभी सम्मानित व्यापार मंडल सामाजिक सेवा संस्थान सिविल डिफेंस राजेश यादव जिला अपराध निरोधक समिति व्यापार मंडल नैनी अध्यक्ष राकेश जयसवाल के लोगों ने क्षेत्र में होने वाली समस्याओं और पानी और बिजली को लेकर चर्चा की गई इसके उपरांत एसडीएम करछना ने क्षेत्र में होने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए पीस कमेटी की बैठक में आए हुए नगर निगम बिजली विभाग से संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि त्यौहार के पहले ही सब ठीक कर दिया जाए इस मौके पर नैनी थाना के अंतर्गत एसएसआई अजय कुमार सिंह नैनी कस्बा चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह जेल रोड चौकी इंचार्ज सुमित त्रिपाठी गंगोत्री नगर चौकी इंचार्ज उपेंद्र तिवारी छिवकी चौकी इंचार्ज संदीप यादव फूल मंडी चौकी इंचार्ज उमेश यादव अरैल चौकी इंचार्ज परमानंद एडीए चौकी इंचार्ज और नैनी थाना पुलिस मित्र एसपीओ यूथ टीम प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल अपने टीम के सदस्यों के साथ मौजूद रहे।



### घर में घुसा डफर बाल बाल बचे लोग,चालक घायल

**करछना।** क्षेत्र के कौवा और नौवा बीच एक तेज रफ्तार डफर गोमटी को तोडते हुए घर मे घुस गई जिससे लोग बाल बाल बच गये चालक अरूण निषाद पुत्र सतई राम भटौती मेजा गभीर रूप से घायल हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से घायल चालक को सीएचसी करछना भेजवाया प्राथमिक उपचार के बाद हालत गभीर देख जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया वही अचानक हुए हादसे से कई लोग बाल बाल बच गये जबकि अनियत्रित डफर के एक गोमती भी छतिग्रस्त हो गई।घटना के बाद लोगो की भारी भीड जुट गई।



### नगर पंचायत के तीन महिलाओं को किया गया सम्मानित

**मऊआइमा।** स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की घर घर दस्तक अभियान के अन्तर्गत पूर्ण सहभागिता देने में तीन महिला कर्मचारियों के उत्साहजनक काम के लिए पूर्व सभासद ने फूल माला पहनाकर कर सम्मानित किया गया। मऊआइमा नगर पंचायत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एंव घर घर कूडा के लिए दस्तक देने और गीला कूडा ,सूखा कूडा अलग अलग डिब्बों में डालने जागरुकता अभियान और स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की पूर्ण सहभागिता देने में तीन महिला कर्मचारियों को वार्ड संख्या एक शाहगंज की पूर्व सभासद सत्यपथी देवी ने लालती देवी ,उर्मिला देवी ,रागिनी देवी को माला पहना कर सम्मानित किया। जिससे अन्य कर्मचारियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। उक्त अभियान वार्ड वाइज चलाया गया है। तीनों महिलाओं को सम्मानित किए जाने पर नगर पंचायत कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक हीरा लाल, कम्प्यूटर आपरेटर आशीष कपूर, मोहम्मद आजम ,वलीद अंसारी ,इकरा सईद ,इनायत उल्ला ,कुल्लू आदि ने सम्मानित महिलाओं को बधाई दी है।




### बी.डी. सेंट्रल एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**सिरसा।** बी.डी. सेंट्रल एकेडमी, खानपुर का वार्षिकोत्सव समारोह बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। बच्चो ने गीत संगीत से लोगो का मनमोह लिया गीत, डांस, कौवाली, नाटक की प्रस्तुति हुई दीप प्रज्वलन सिरसा चौकी इंचार्ज जगदीश कुमार, सब इंस्पेक्टर गौरव यादव, मुख्य अतिथि डी एफ ओ प्रयागराज महावीर कजौलगी, विशिष्ट अतिथि थानाध्यक्ष मेजा ज्ञानेश्वर मिश्रा, अध्यक्षता चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने किया संचालन नेहा गुप्ता ने किया प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता, निदेशक बबिता गुप्ता, प्रधानाचार्य मेवा लाल यादव, शिक्षक, शिक्षिकाएं नेहा गुप्ता, शिवानी,साक्षी, गूंजा, नेहा गोयल ,जया शर्मा, संतोष कुमार, वेद यादव, सरिता यादव, दीक्षा सोनी, शबनम, अलका सिंह ,ज्योति साहू प्रधानाचार्य सतीश चंद्र उपाध्याय, तेजबहादुर गुप्ता, मुनीम ,आमोद यादव,लखन केशरी, चंद्रिका साहू राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### रेलवे लाइन का दोहरी करण के कारण बाघंबरी रोड़ एक माह के लिए बंद

**प्रयागराज।** प्रयागराज-रामबाग दारागंज स्टेशन के बीच में रेलवे लाइन का दोहरीकरण कार्य के कारण ब्रिज संख्या 116 पर बाघम्बरी रोड को एक मार्च से इकत्तीस मार्च तक के लिए बंद किया जा रहा है । रेल विकास निगम के महाप्रबंधक ने जिला प्रशासन को रुट डायवर्जन के कारण लोगों को असुविधा ना हो इसके लिए अन्य मार्गो से आवाजाही के लिए बात की है! झूसी से दारागंज गंगा नदी पर रेलवे लाइन दोहरीकरण के लिए ब्रिज निमार्णाधीन है! अलोपी बाग मंदिर से बाघंबरी रोड़ अल्लापुर के रास्ते को एक माह बंद के लिए अपर पुलिस उपायुक्त यातायात ने भी अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप दी है।

### किशोर के साथ कुकर्म पर मामला दर्ज

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक माशूम के साथ कुकर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पिता ने बताया की पड़ोस का एक किशोर पतंग उड़ाने के बहाने हमारे सात वर्षीय बेटे को त्रिवेणीपुरम में स्थित एक पार्क में ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। बच्चा रोता हुआ घर आया और आपबीती सुनाई तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई लोक लाज की डर की वजह से परिजन मामले को दो दिन तक छुपाए रखें। जब आरोपी के घर उलाहना दी उन्होंने अपने बच्चे की गलती भी नही मानी जिससे आहत होकर पीड़ित पिता सोमवार की शाम झूंसी थाने पहुंच मामले की लिखित शिकायत की तो पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। मंगलवार की सुबह पीड़ित मासूम का मेडिकल कराया गया। एसीपी दारागंज आस्था जायसवाल घटना स्थल का मुआयना कर पीड़ित बच्चे से पूछताछ की वही झूंसी इंस्पेक्टर वैभव सिंह ने बताया कि कुकर्म के साथ एसटीएससी एवं पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपी 17 वर्ष का है जिसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 03 मार्च को

**प्रयागराज।** उद्योग के विकास पर आधारित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 03 मार्च, 2023 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से होटल रामा कंटीनेंटल, सिविल लाइंस, प्रयागराज में किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें उद्यमियों एवं भावी उद्यमियों को उत्पाद की गुणवत्ता, उत्पादन, मार्केटिंग एवं रोजगार स्थापित करने हेतु भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे- प्रोडक्ट प्रोसेस एण्ड प्रोक्योरमेंट पॉलिसी, जेम, ई-कॉमर्स, डिजाइन एवं पैकेजिंग, मार्केट रिसर्च एवं एक्सेस आदि योजनाओं के बारे में जानकारी विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाएगी। यह जानकारी एमएसएमई के सहायक निदेशक श्री संजय कुमार ने दी है।

# लोकपुर में मजदूर की सेफ्टि टैंक में गिरने से हुई मौत

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के उत्तरी लोकपुर में एक निमार्णाधीन मकान में मजदूरी कर रहे युवक की सेफ्टी टैंक में गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दे दी। नैनी क्षेत्र के उत्तरी लोकपुर इलाके में रमेश सिंह का कुछ महीनों से मकान बन रहा है। उसमें ननके (30) पुत्र जगनन्नाथ निवासी चांदपुर खमरिया थाना खीरी मजदूरी करता था। ननके मजदूरी के बाद उसी निमार्णाधीन मकान में रहकर देखभाल भी करता था। सोमवार को ठेकेदार निमार्णाधीन मकान में शटरिंग का काम करवा रहा था। उसी दौरान सेफ्टी टैंक से पानी निकालने के दौरान उसमें लाश देखकर वहां काम कर रहे मजदूर डरकर वहां से भाग खड़े हुए। मजदूरों ने टैंक में लाश मिलने की सूचना ठेकेदार दीपक को दी। मौके पर पहुंचे ठेकेदार ने पुलिस को बुलाकर मामले के जानकारी दी। चौकी प्रभारी अरैल परमानंद ने बताया की मजदूर यहीं रहकर काम करता था। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### दो बाइक में टक्कर से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** दो बाइकों की टक्कर से दो युवक घायल हो गए थे। उपचार के दौरान एक की मौत हो गई। मृतक के पिता ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरखपुर चौराहे पर 21 फरवरी को दो बाइकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई थी।दोनों को नाजुक हालत में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान मनीष कुमार 21.वर्ष पुत्र मक्खन लाल ग्राम गोसाईं का पुरवा चकवड थाना बाघराय प्रतापगढ़ की 25 फरवरी को मौत हो गई। अन्तिम संस्कार के बाद मृतक के पिता मक्खन लाल ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है।जबकि एक अन्य घायल सचिन कुमार सरोज 18 वर्ष पुत्र लालजी ग्राम रैया सोरांव की हालत नाजुक बनी हुई है।

### फायरिग से मचा हडकम्प दी तहरीर,जाच मे जुटी पुलिस

**करछना।** क्षेत्र के ककरम गांव मे बीती रात आपसी रजिश मे हवाई फायरिग से गांव मे हडकम्प मच गया और अफरा तफरी मच गई,सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने आस पास के लोगो से घटना के बावत पूछताछ की।सूचना पाकर मौके पर डायल पुलिस 112 भी गाव पहुची,गाव निवासी चन्दमौली पाण्डेय ने गाव के ही चार लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर दी है पुलिस तहरीर लेकर जाच पडताल मे जुटी है वही इस बावत थाना प्रभारी विश्वजीत सिह का कहना था कि जाच की जा रही और मौके से कोई खोखे आदि पुलिस को नही मिले वही शिकायतकर्ता भी मौजूद नही था।



### नदियों के संरक्षण के लिए अलख जगाएंगे गंगादूत

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज क्रियांवित नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय 50 गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा, प्रयागराज में किया गया। कार्यक्रम में डॉ महेन्द्र कुमार जायसवाल प्राचार्य लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज सिरसा,प्रयागराज ; डॉ सच्चिदानंद त्रिपाठी असिस्टेंट प्रोफेसर गणित एवं जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना,प्रयागराज ; जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे,प्रयागराज एषा सिंह, डॉ संजीव कुमार पांडेय असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान, डॉ पी के द्विवेदी रसायन विज्ञान, डॉ पी सी मिश्रा बी एड विभाग उपस्थित रहे ' सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ महेन्द्र कुमार जायसवाल ने सभी गंगा दूतों को परियोजना से जुड़ने हेतु बधाई दी और कहा नदियों को संरक्षित ना करने की वजह से नदियाँ विलुप्त हो रही है। नदियों को साफ करना मनुष्य की जिम्मेदारी ' डॉ सच्चिदानंद ने कहा नदियों की स्वच्छता हमारा नैतिक दायित्व है और इसे प्रदूषण से बचना होगा ' जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने कहा युवाओ को नमामि गंगे परियोजना में युवाओ की सहभागिता तथा गंगा का महत्व, प्रदूषण के बारे में विस्तार से जानकारी दी ' प्रशिक्षक नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान के निदेशक कृष्णा कुमार मौर्या ने नुक्कड़ नाटक, कहानी वचन के माध्यम से गंगा स्वच्छता के विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया ' राज्य प्रशिक्षक राम अवध कुशवाह ने नेहरू युवा केंद्र का कार्य, युवा मंडल गठन और सक्रिय करने का तरीके पर चर्चा करी ' गंगा दूतों ने 'गंगा स्वच्छता हेतु हमारा योगदान' पर सामूहिक गतिविधि में प्रतिभाग किया एवं प्रस्तुति दी ' दूसरे दिवस पर्यावरणविद् एवं शोधकर्ता राम बाबू तिवारी ने जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की और बताया की इसके के प्रभाव के चलते जल के प्राकृतिक स्त्रोतों की नदियां तालाब विलुप्त हो रहे हैं जिस वजह से सूखा जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं एवं स्थानिक पर संकट आ रहा है हम युवाओं को जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए छोटी नदी संरक्षण संवर्धन पर कार्य करना होगा ' इसके पश्चात सभी गंगा दूतों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# थानाध्यक्ष करछना उभयपक्ष के साथ साक्ष्य सहित एक सप्ताह के अन्दर अपर उपायुक्त के समक्ष तलब

अखंड भारत संदेश

एक सप्ताह के अन्दर कार्यवाही नही तो पीड़िता आमरण अनशन के लिये बाध्य होगी



**प्रयागराज।** करछना थानांतर्गत ग्रामसभा सेमरी मजरा ताल का पुरवा निवासिनि चंदो देवी पत्नी स्व. रामअभिलाष मंगलवार को विपक्षीगण के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के बाबत कार्यालय अतिरिक्त पुलिस उपयुक्त के समक्ष क्रमिक आमरण अनशन पर बैठी थी। दोपहर एक बजे एसीपी सोरांव चिराग जैन ने चंदो देवी की बात सुनने के उपरान्त थानाध्यक्ष करछना को उभय पक्षो के साथ साक्ष्य सहित एक सफ्ताह के अन्दर अपर उपयुक्त आकाश कुलहरि के समक्ष तलब किया है। चंदो देवी ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही नहीं हुई तो पीड़िता होलो बाद पुनः आमरण अनशन के लिये बाध्य होगी। पूछने पर चंदो देवी ने बताया कि क्षेत्रधिकारी और थानाध्यक्ष करछना विपक्षीगणो से मिले हुए है क्योंकि विपक्षी पचास रुपये के स्टाम्प पेपर पर जो बेचीनामा लेकर घूम रहे है वो सब फर्जी, बेबुनियाद, निराधार व कूटरचित है जिसपर पीड़िता ने पन्द्रह साल पहले कहीं पर भी अपने हस्ताक्षर व अंगूठा निशान नहीं बनाई है। पीड़िता चंदो देवी के साथ पिछले 29 सितंबर 2022 को विपक्षीगणो द्वारा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये भद्दी भद्दी गालियां देने, लात घूसों से जमीन पर पटक कर जान से मारने के बावत थानाध्यक्ष करछना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज तक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया। थानाध्यक्ष करछना द्वारा लगभग तीन आईजीआरएस की अलग अलग रिपोर्ट किसी मे चंदो देवी के पति स्व. रामअभिलाष ने तो किसी मे चंदो देवी के भाई रामप्यारे ने तो किसी में चंदो देवी खुद पचास रुपये के स्टाम्प पर छः हजार रुपये लेकर बेचीनामा की है। चंदो देवी का कहना है कि बतौर विधवा होने पर 1994 में तत्कालीन ग्रामप्रधान ने कृषि कार्य का पट्टा पीड़िता को किया और दस साल बाद वह बतौर संक्रमणीय भूमिधर हो गयी और विगत पांच वर्षों से पीड़िता प्रधानमंत्री किसान निधि छः हजार वार्षिक पा रही है। क्षेत्राधिकारी करछना के कथनानुसार पीड़िता पन्द्रह वर्ष पूर्व यदि विपक्षी को पट्टे वाली जमीन बेच दी है तो बतौर दाखिल खारिज विपक्षी का नाम खतौनी में चढ़ जाना चाहिये। क्षेत्रीय लेखपाल की रिपोर्ट के अनुसार 03 अक्टूबर 2022 को चंदो देवी की भूमिधरी पर गेंहू की फसल बोई गई है का कब्जा दिखा रहा है और आज की तारीख में पीड़िता का नाम खतौनी में भी दिख रहा है। उच्च अधिकारियों द्वारा पूछे जाने पर थानाध्यक्ष और क्षेत्रधिकारी करछना द्वारा झूठी सूचना दी जाती है। मंगलवार को कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त के समक्ष आमरण अनशन पर बैठी पीड़िता का एसीपी सोरांव चिराग जैन ने सुना और थानाध्यक्ष करछना को एक सप्ताह के अन्दर उभयपक्षो के साथ साक्ष्य सहित तलब किया है। थानाध्यक्ष के साथ उभायपक्षो को साक्ष्य के साथ एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त प्रयागराज के समक्ष टालब होने से पीड़िता के अन्दर न्याय की आश जगी है उसे आशा है कि अब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### दो अलग अलग गांवों से दो युवतियां फरार

**मऊआइमा।** दो अलग अलग गांवों से दो युवतियां अपने अपने प्रेमी के संग भाग गयी। एक युवती की माता ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। जबकि दूसरे का अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि एक युवक उसके पडोसी के यहां आता जाता था। युवक उसकी 18.वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर कर 23 फरवरी को भगा ले गया। महिला का आरोप है कि उसकी पुत्री घर में रखा सारा जेवर और पन्द्रह हजार रुपये नगदी लेकर गयी है। तथा युवक उसे फोन से यह धमकी दे रहा है कि यदि कहीं शिकायत की तो जान से मार दूंगा। महिला ने राहुल कुमार साहू पुत्र कन्हैयालाल साहू पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम बालाडीह तिलक का पूरा निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी युवा पुत्री को गांव का एक युवक 23 फरवरी को अपने साथियों के साथ अपहरण कर ले गया है। युवती के पिता का आरोप है कि उसकी पुत्री युवक कहीं बेच सकता है। थाने में तहरीर देने के बावजूद भी आज तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया।

## न्यूज झरोखा

### न्यू टाउन हॉल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने प्रस्तुत किए मॉडल



**झूंसी।** विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को अंदावा स्तिथ न्यू टाउन हॉल पब्लिक स्कूल एव कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें हर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विज्ञान प्रदर्शनी मे सोलर पावर प्लांट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, इलेक्ट्रॉनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, स्मार्ट होम एव हाइड्रो पावर प्लांट, इलेक्ट्रिक कार के मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। विज्ञान प्रदर्शनी का आरंभ खुशी फाउंडेशन के संस्थापक प्रो. योगेश उपमान एव विद्यालय की डायरेक्टर रोमिला रस्तोगी ने फीता काट कर किया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बाल वैज्ञानिको ने अपने मॉडल की उपयोगिता सहित सभी बिन्दुओ की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावक व शिक्षक-शिक्षिकाओ ने बच्चो द्वारा बनाये गए मॉडल की प्रशंसा करते हुए ताली बाजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर रुझान रस्तोगी, विकास केलकर, विकास पुराणिक, तौसीफ इकबाल, रोहित शेखर आदि मौजूद रहे।

### आर्यन, आकाश उत्तर प्रदेश हॉकी टीम हुआ चयन



**झूंसी।** विजय ग्रुप ऑफ झूंसी हॉकी एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे झूंसी के आर्यन साहू व आकाश यादव का चयन अंडर 14 राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में हुआ। जानकारी देते हुए विजय ग्रुप ऑफ झूंसी हॉकी एकेडमी के प्रशिक्षक विजय सिंह ने बताया कि लखनऊ में 22 फरवरी से चल रहे ऑल इंडिया हॉकी प्रतियोगिता में आर्यन साहू एवं अकाश यादव उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे है। इस मौके पर हॉकी कोच विजय सिंह ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं साथी खिलाड़ी मो.ताहिर, लकी यादव, यूनुस खान, अंकित, ऋतिक पाल सहित समस्त खिलाड़ियों एवं विजय संस्थान के पदाधिकारियों ने आर्यन, आकाश को बधाई दी।

### इलाहाबाद विवि के पीसीबी और हालैंड हाल हॉस्टल के छात्र भिड़े, जमकर हुई मारपीट, एक छात्र घायल

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ भवन के सामने पीसीबी और हालैंड हर छात्रावास के अंतवासियों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। कक्षा में धक्का-मुक्की की घटना के बाद छात्रसंघ भवन के सामने दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान जमकर लाठी-डंडे और राड चले। मारपीट की घटना में वैभव नाम पर छात्र घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। अभी तक किसी भी तरफ से थाने में तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मारपीट किस कारण से हुई इसका भी फिलहाल पता नहीं चल पा रहा है। मारपीट के चलते मौके पर अफरातफरी मची रही।

### भारत के प्रथम राष्ट्रपति व स्वतंत्रता सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई 60 वी पुंयतिथि



**प्रयागराज।** मंगलवार को शहर कांग्रेस कमेटी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू राजेंद्र प्रसाद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। डॉ राजेंद्र प्रसाद छात्रावास में पहुंचकर उनकी मूर्ति पर माला अर्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा अंशुमन ने कहा कि बाबू राजेंद्र प्रसाद जी चकाचौंध से काफी दूर रहे राष्ट्रपति से रिटायर होने के बाद उन्होंने अपना सारा समय सदाकत आश्रम में बिताया वहीं पर 28 फरवरी 1963 को उनकी मृत्यु हो गई। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुंद तिवारी ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उन्होंने अपना सारा जीवन देश के नाम समर्पित कर दिया। कार्यक्रम के संयोजक व कांग्रेस नेता राजकुमार सिंह रज्जू व इरशाद उल्ला ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद जी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सर्वश्री प्रदीप मिश्रा अंशुमन, मुकुंद तिवारी, राजकुमार सिंह रज्जू, इरशाद उल्ला, लालबाबू साहू, राजबहादुर गुप्ता ,कमल कुमार अग्रहरि, शंभू नाथ रावत, विनय पांडे, दीपचंद शर्मा, रविंदर गिरी, गोपी कृष्ण श्रीवास्तव, अवधेश शुक्ला,शुभम तिवारी, , इस्लाम अहमद जून्ना, अंकित कुमार, राजेश कुमार आदि लोग रहे।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**बारा।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सुजौना जसरा, प्रयागराज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।रमन प्रभाव की खोज की याद में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय में प्राथमिक और जूनियर दो वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के आयोजनकर्ता विज्ञान शिक्षक अमरदीप चौधरी ने प्रश्न पत्र और ओएमआर शीट तैयार करा करके परीक्षा आयोजित कराई।प्राथमिक वर्ग में जहां 40 अंक के 40 प्रश्न थे।वहीं पर जूनियर वर्ग में 60 अंक के 60 प्रश्न थे।इस परीक्षा में दोनों वर्गों के 190 छात्रों ने प्रतिभाग किया।शीघ्र ही ओएमआर शीट का मूल्यांकन करके परिणाम घोषित कर दिया जायेगा।दोनों वर्ग में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार वितरित किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन प्रधानाध्यापिका मीना दास के नेतृत्व में किया गया। जिसमें भारतेन्द्र त्रिपाठी, नाजिया सुल्ताना,जितेंद्र कुमार शर्मा, अरविंद कुमार सिंह, राकेश कुमार, पूनम तिवारी,पंकज गुप्ता ने अपना सहयोग दिया।

# उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एक दिवसीय जनपद स्तरीय जागरूकता शिविर संपन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मंगलवार को राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) प्रयागराज में चलाये जा रहे जागरुकता अभियान के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि श्रीमती प्रियका कौल प्राचार्य एवं एल0आर0 रामेश बाबू सहायक निदेशक, व श्रीमती नीरजा सूद, प्रशिक्षण अधिकारी राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) प्रयागराज ने कहा कि गाँधी जी के सपनों को साकार करता खादी ग्रामोद्योग बोर्ड आज गाँव/शहर में स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिये कृत संकल्पित है जिसके चलते विभिन्न योजनाओं का लाभ अब सीधे शहर/गाँवों में दिखाई दे रहा है । लोगो को अपने आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिये स्वयं आगे आना चाहिये । राम औतार यादव जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने प्रशिक्षार्थियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत उत्पादन इकाईयों को रु0- 50.00 लाख व सेवा क्षेत्र के कार्य हेतु रु0-20.00 लाख का ऋण बैंको के माध्यम से दिलाये जाने का प्राविधान है जिसमें सामान्य वर्ग को 25 प्रतिशत तथा आरक्षित वर्ग के लोगो को 35 प्रतिशत एवं सभी वर्ग की महिलाओं को 35 प्रतिशत अनुदान का विधान है। जागरुकता कार्यक्रम में, विकास पाण्डेय (सहा0 प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र) प्रयागराज नें विभिन्न प्रकार की रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में रामकरन दुबे, सुनील कुमार, ओमप्रकाश व रामलाल उपस्थित रहे।

# शूटआउट में इस्तेमाल की गई क्रेटा कार शहर के मशहूर ईट ऑन बिरयानी संचालक नफीस की निकली

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धूमनगंज शूटआउट में प्रयुक्त हुई सफेद रंग की क्रेटा कार शहर के मशहूर बिरयानी ईट ऑन के संचालक नफीस की निकली। चेचिस नंबर के आधार पर पुलिस ने कार मालिक का पता लगा लिया। आरोपी नफीस अहमद को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उमेश पाल की हत्या में सफेद रंग की क्रेटा कार का प्रयोग किया गया था। इसी कार को चला रहे अरबाज को पुलिस ने आज एनकाउंटर में ढेर कर दिया। हत्या में प्रयुक्त कार पुलिस ने चकिया में अतीक के घर के पास से बरामद की थी। उस पर नंबर प्लेट नहीं थी। कार बरामदगी के बाद पुलिस ने इंजन और चेचिस नंबर से मालिक का पता लगाया तो अधिकारी हैरान रह गए। क्रेटा कार सिविल लाइंस स्थित एक मशहूर बिरयानी संचालक ईट ऑन के मालिक नफीस की निकली। नफीस को भी अतीक का गुर्गा माना जाता है।

### उमेश पाल के घर पहुंचे केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, बोले- हत्यारों पर होगी सख्त कार्रवाई



**प्रयागराज।** विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह रहे उमेश पाल की हत्या के बाद नेताओं का उमेश पाल के घर आने का सिलसिला जारी है। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने मंगलवार को धूमनगंज स्थित उमेश पाल के आवास पर पहुंचकर उनकी मां और पत्नी को ढांढस बंधाया। एसपी सिंह बघेल को देखकर उमेश पाल की मां शांति पाल फूट-फूटकर रोने लगीं। बघेल ने उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी सिंह बघेल ने कहा कि हत्यारों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी।यह जघन्य कृत्य है। जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है उसकी सजा आरोपियों को भुगतनी ही पड़ेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मामले का संज्ञान लिया है। पीड़ित परिवार को न्याय जरूर दिलाया जाएगा।

# संत निरंकारी मिशन का देश के 730 शहरों में एक साथ स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेश

**संगम क्षेत्र से उठाया गंगा -यमुना से कचरा स्वच्छ जल, स्वच्छ मन का लिया संकल्प**

**प्रयागराज।** स्वच्छ जल, स्वच्छ मन की भावना से परिपूर्ण संत निरंकारी मिशन की ओर से प्रयागराज में संगम तट पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रातः सात बजे से ये स्वच्छता अभियान शुरू हुआ। जिसमें संत निरंकारी सेवादल के सैकड़ों भाई-बहनों के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। स्वच्छता अभियान का शुभारंभ महाराष्ट्र से केन्द्रीय प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित संत शम्भूनाथ तिवारी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल के साथ-साथ मनों का भी स्वच्छ होना अत्यन्त आवश्यक है, क्योंकि इसी भाव के साथ हम संतो वाला जीवन जीते हुए सभी के लिए परोपकार का ही कार्य करते हैं। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तत्वावधान में निरंकारी सद्गुरू माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के पावन करकमलों द्वारा आज अमृत परियोजनाह्व के अर्न्तगत स्वच्छ जल, स्वच्छ मनह्व का शुभारम्भ यमुना छठ घाट (आई.टी.ओ.) से किया गया। इसके साथ ही सद्गुरू माता के आशीर्वाद से यह परियोजना समूचे भारतवर्ष के 730 शहरों के 1100 से अधिक स्थानों पर विशाल रूप में एक साथ आयोजित की गई। बाबा हरदेव सिंह की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सद्गुरू माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य निर्देशन में ह्लअमृत परियोजना का आयोजन हुआ। स्वच्छता अभियान में सेवादल के भाई-बहनों की चार टोलियां बनाई गई, जिसमें किला घाट से संगम नोज तक व्यापक सफाई की गई। सफाई के दौरान निर्धारित स्थानों पर कचरा एकत्रित करके छावनी परिषद के दो ट्रकों तथा नगर निगम की गाड़ियों से कूड़ों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर स्थानीय क्षेत्रीय संचालक सेवादल सुखदेव सिंह ने स्वयं सेवकों को दिशा-निर्देश दिया। स्थानीय जोनल इंचार्ज अशोक कुमार सचदेव ने कहा कि संत निरंकारी मिशन समय-समय पर ऐसी ही अनेक परियोजनाओं में सक्रिय रूप से सम्मिलित रहा है। जिनमें विशेषतः पर्यावरण संरक्षण हेतु वननेस वन परियोजना और जल संरक्षण हेतु अमृत प्रोजक्ट प्रमुख है। अंत में उन्होने सेवादल और साध संगत का आभार प्रकट किया।

### माफिया अतीक अहमद की पत्नी के खिलाफ बसपा फिलहाल नहीं करेगी कोई कार्रवाई, मायवती ने किया ट्वीट

**प्रयागराज।** अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ बसपा फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं करेगी। राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या के बाद एफआईआर में नाम आने के बाद अफवाह उड़ी थी कि बसपा शाइस्ता परवीन को बाहर का रास्ता दिखा सकती है, लेकिन बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट कर इसका खंडन किया है। मायावती अपने ट्वीट में कहा है कि जब तक आरोप साबित नहीं हो जाता तब तक पार्टी शाइस्ता के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी। अतीक के कुकर्मों की सजा उसके परिवार को नहीं दी जाएगी।मायावती ने अपने ट्वीट में कहा है कि प्रयागराज में राजू पाल की वर्षों पहले हुई हत्या के मुकदमे का अहम गवाह अधिवक्ता उमेश पाल व उनके गनर की हत्या के मामले में अतीक अहमद के लड़के और उनकी पत्नी के ऊपर एफआईआर की सूचना प्रकाशित हुई है। बसपा ने इसको गंभीरता से लेते हुए यह निर्णय लिया है कि इस मामले में चल रही जांच में इनके दोषी साबित होते ही शाइस्ता परवीन को पार्टी से जरूर निष्कासित कर दिया जाएगा।

# अ.भा. विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा व विश्वकर्मा बिग्रेड मंडलीय पदाधिकारियों की बैठक संपन्न




**सिरसा।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा व विश्वकर्मा बिग्रेड के पदाधिकारियों की बैठक सोनारी धर्मशाला दरियाबाग (कल्याणी देवी) प्रयागराज हाल में मंडलीय बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ने कहा कि विधानसभा स्तर पर कमेटी तथा समाज को गांव-गांव तक जोड़ने का निर्देश दिया। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि महासभा के पदाधिकारियों महासभा की नीतियों एवं कार्यक्रमों को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन पहुचाये। महासभा की सदस्यता अभियान चलाकर महासभा के सदस्य बनाये तथा आम जनमानस को संगठन से जोड़ने का काम करे।श्री विश्वकर्मा ने कहा विश्वकर्मा ब्रिगेड की स्थापना समाज में हो रहे उत्पीड़न, अत्याचार की लड़ाई को लड़ने के लिए तथा समाज को सुरक्षा देने के लिये दिया गया था। लेकिन जनपदों में नौजवानों की टीम अभी तक तैयार नहीं हो पाई है। नौजवान ही विश्वकर्मा समाज की लडाई लड़ सकता है। श्री विश्वकर्मा ने महासभा के गतिविधियों को जन- जन तक पहुंचाने लिए आईटी सेल का प्रमुख लखनऊ के पत्रकार पवन शर्मा को बनाया है। इसी प्रकार समाज के वकील, डॉक्टर, पत्रकार, शिक्षक तथा पढ़े-लिखे लोगों का बुद्धिजीवी सेल बनाकर संगठन में जोड़ने का काम करें। विश्वकर्मा समाज बुनियादी लड़ाई को लड़ने के लिए ही संगठन को तैयार किया जा रहा है। भविष्य में विश्वकर्मा समाज की बड़ी रैली करके अपने हक व अधिकार की लडाई लड़ेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राम निरंजन विश्वकर्मा, विनोद कुमार विश्वकर्मा (पत्रकार) ओम नरायण विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, राजा विश्वकर्मा, बच्चा विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा, सारिका विश्वकर्मा आर्या फाउंडेशन प्रमुख, संगीता,पुष्पा, मंजू ,संतरा, विद्योत्तमा, संदीप विश्वकर्मा, शिवशंकर विश्वकर्मा पांच सौ के आस-पास पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेमिका ने घर बुलाकर युवक को कुल्हाड़ी से काट डाला


अशोक सिंह।

## पूर्व बीएसए अशोक सिंह को मिला डायट प्राचार्य का कार्यभार

**प्रतापगढ़।** पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अशोक सिंह व प्राचार्य कालेज ऑफ टीचर एजुकेशन (सी0टी0ई0) प्रयागराज को डायट प्राचार्य प्रतापगढ का अतिरिक्त कार्य प्रभार सौपा गया है। बता दें कि हृदय राम आजाद के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने के कारण डाइट प्राचार्य का पद खाली चल रहा था।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** लीलापुर कोतवाली के नेकूहा बनवीर कच्छ गांव में एक प्रेमिका ने युवक को धोखे से घर बुलाकर परिजनों के साथ मिलकर बेरहमी से उसकी हत्या कर दी। प्रेमिका ने पिता और भाइयों के साथ मिलकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

आरोपियों ने इंसानियत की सारी हदें पार कर दी कि युवक को कुल्हाड़ी से कई बार प्रहार करने के बाद उसके हाथ को काट दिया और आंखें भी फोड़ दी। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। इस मामले में प्रेमिका और उसके भाई को

### पुलिस ने प्रेमिका व उसके भाई को किया गिरफ्तार


अभिनंदन सिंह (फाइल फोटो)।

पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दिल दहला देने वाली इस घटना को सुनकर लोग स्तब्ध रह गए।

बता दें कि लीलापुर कोतवाली के नेकूहा बनवीर कच्छ निवासी अभिनंदन सिंह (35) पुत्र स्वर्गीय उमाशंकर सिंह का गांव की ही एक महिला के साथ प्रेम संबंध था। उनका यह संबंध परिवार वालों को नागवार गुजर रहा था। सोमवार की रात लगभग 11:30 अभिनंदन को उसकी प्रेमिका ने घर बुलाया था। उसी समय महिला के घर वालों को पता चल गया कि अभिनंदन घर में आया हुआ है, तभी आधा दर्जन लोगों अभिनंदन को लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से प्रहार कर अधमरा कर दिया। अभिनंदन को बेरहमी से पीटा गया। उसका एक हाथ कुल्हाड़ी से काटने के साथ ही शरीर पर कई जगह कुल्हाड़ी से वार किए गए। उसकी आंखें भी फोड़ दी गई।

घटना की जानकारी होने पर ग्रामीण जुट गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे अस्पताल भेजवाया गया, जहां अभिनंदन की मौत हो गई। मृतक तीन भाइयों मे सबसे छोटा था। सबसे बड़ा भाई आनन्द सिंह, फिर अनिरुद्ध सिंह है। मृतक के दो पुत्री लक्ष्मी (8) और कामिनी (5) है। पुलिस ने संजय पटेल व फोन करके बुलाने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है। अभिनंदन तीन भाइयों में सबसे छोटा था। वह लकड़ी काटने का काम करता था। इसकी शादी प्रयागराज के सोरांव थाना अंतर्गत हरदुआ गांव में हुई थी। उसकी पत्नी सुलोचना देवी रविवार को अपने दो बेटियों के साथ मायके गई हुई थी। सूचना पाकर पत्नी सुलोचना और अपने दोनों पुत्री लक्ष्मी और कामिनी को लेकर घर पहुंचीं तो कोहराम मच गया। मृतक के बड़े भाई आनंद सिंह ने पुलिस को शंकर वर्मा, संजय वर्मा, सुरेश वर्मा, बड़ेलाल, कमलेश वर्मा, खजांची और आदि के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## विवाहिता की मौत पर ससुरालीजनों के खिलाफ केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के कैथौला कोला वन के महन्त खान की बेटी शबाना बानो का निकाह लीलापुर थाने के सिंधौर नौतीरा गांव मे बुदुल के पुत्र शमसाद से वर्ष 2012 में हुआ था। शादी के बाद से ही आरोप है कि पति व सास ससुर मृतका को दहेज के लिए प्रताडित करने लगे। मृतका के दो बच्चे हुए। बच्चे उसकी ससुराल मे पति के साथ रहते हैं। दहेज प्रताडना को लेकर ससुरालीजनो ने बीते वर्ष 2021 मे पन्द्रह नवंबर को शबाना को ससुराल से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके रहने लगी। बीच बीच मे शबाना बच्चो से मिलने अपनी ससुराल जाया करती थी। तीन फरवरी को शबाना बच्चो से मिलने खाने पीने का सामान लेकर ससुराल गयी। वहां पति तथा सास ससुर ने उसे बच्चो से नही मिलने दिया और गाली देकर दोबारा आने पर जानलेवा धमकी दी। इसके बाद शबाना क्षुब्ध होकर लौटी और कैथौला बाजार मे जहर खा लिया। चार फरवरी को मायके वालो को जानकारी हुई कि शबाना कैथौला बाजार मे बेहोश पडी है। उसे लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां गंभीर दशा मे चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान शबाना की मौत हो गयी। सोमवार की रात मृतका के भाई नासिम की तहरीर पर पति शमसाद तथा ससुर बुदुल व सास रैफुला बानो के खिलाफ दहेज प्रताडना व धमकी एवं आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने मनाया वार्षिक हिन्दू रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के अदलाबाद में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के वार्षिक हिंदू रक्षा निधि अर्पण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय महामंत्री देवेश उपाध्याय रहे। उन्होंने हिंदू कैसे संमृद्धि वान और कैसे सशक्त बनें इसको आसानी से समझाया गया। इस मौके पर काशी प्रांत के संगठन मंत्री संजय दुबे, राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत अध्यक्ष, नारेन्द्र शास्त्री, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष मिश्रीलाल विश्वकर्मा, विभाग महामंत्री सुधीर शुक्ल, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष देवीदीन विश्वकर्मा, ब्लाक महामंत्री नवल किशोर अग्रहरि, त्रिभुवन नाथ मिश्र, टंडन, आनन्द तिवारी, शिव दुलारे पाण्डेय, देवेश चन्द्र मिश्र, धीरेन्द्र मिश्र, अनिल मौर्य ग्राम प्रधान परियावां सहित भारी संख्या में संभ्रांत विशिष्ट अतिथि व क्षेत्रीय ग्रामीण बंधु लोग मौजूद रहे।

# विज्ञान की अवधारणा को जीवन में उतारने और समझने की जरूरत

## बीएल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**बिहारगंज, प्रतापगढ़।** विज्ञान के प्रति बच्चे कितना सजग रहते हैं, इसको लेकर लगातार कई जगहों पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है. जिससे बच्चों में निखार आता है. बी एल सुधिता इंटरनेशनल स्कूल में भी विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा 1 से लेकर 11वीं के छात्र-छात्राओं ने इस विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी में भाग लिया।

विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिक उपकरण, सोलर सिस्टम, वाटर हार्वेस्टिंग, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ग्रीन एनर्जी, हाइड्रोलिक क्रेन, सौरमंडल, पालमपुर का काल्पनिक गांव, ग्रीन सिटी, रूम हीटर जैसी चीजों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई. इस मौके पर एम डी पी जी कॉलेज के प्राचीन इतिहास के एच ओ डी डॉ पीयुष्कांत शर्मा एवं एस आर एस


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते अतिथिगण।

इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र पांडे ने प्रदर्शनी में शिरकत करके बच्चो का हौसला बढ़ाया और उन्हें विज्ञान और जीवन परक मूल्यों से अभिसिंचित किया। डा पीयूषकांत ने बच्चो को बताया विज्ञान सुपरिभाषित और निश्चित होता है। विज्ञान की अवधारणा को जीवन में उतारने और समझने की जरूरत है। हरेक कक्षाओं की मॉडल का अवलोकन करते हुए बच्चो से मॉडल से संबंधित उनके सोच के बारे में जानकर उन्हें सही मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया विज्ञान हमे तर्क प्रदान करता है। हमे बदलाव खुद से करने की जरूरत है।

हमारी सोच को क्रियान्वित करने की जरूरत है।जबकि प्रधानाचार्य नरेंद्र पांडे ने बच्चो को तीन जल, विद्युत और हवा संरक्षण पर विशेष बल देने की बात कही। पानी बचाने का संदेश 8वीं, 5वीं, चैथी कक्षा के छात्रों ने अपने मॉडल से दिया, वही कक्षा 3 के छात्रों ने स्वशन प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। कक्षा 6 व 9 के बच्चो ने ग्रीन सिटी व काल्पनिक पालमपुर गांव बनाकर अपने सोच को प्रदर्शित करने की कोशिश की। वही कक्षा 9 के छात्रों ने वेस्ट इज द बेस्ट के तहत खराब सामनो से रूम हीटर बनाया। कक्षा 11 के छात्रों ने हाइड्रोलिक क्रेन और सौरमंडल का मॉडल तैयार किया। कक्षा 7 के बच्चो विद्यालय का हूबहू मॉडल तैयार कर सबका मन जीत लिया। विद्यालय के प्रबंधक रामजी जायसवाल और श्याम जी जायसवाल ने बताया कि स्कूल द्वारा एक अच्छी पहल की गई है. प्रदर्शनी के माध्यम से विज्ञान के प्रति बच्चों को जागरूक किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि मैंभी एक विज्ञान का छात्र रहा था. विज्ञान के बिना हमारा जीवन, रहन-सहन, हमारी गतिविधि सब कुछ अधूरी है. इसलिए विज्ञान को ही बढ़ावा देकर हम विकसित हो सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहित पांडे, एवं शिक्षक शिक्षकाए एमपी सिंह, खुशबू पांडे, रिचा श्रीवास्तव, सर्वोत्तमा, सेजल, मुस्कान, अंकिता, शिल्पी, शिखा, पूर्णिमा, रश्मि, आदि लोग मौजूद रहे।

## लालगंज में अधिवक्ताओं के चुनाव को लेकर समिति का हुआ गठन, प्रक्रिया शुरू होने से खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील में संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर मंगलवार को यहां पूर्व अध्यक्षो की बैठक मे चुनाव समिति का गठन किया गया। चुनाव समिति ने दो चरणों मे चुनाव कराए जाने का भी बैठक मे ऐलान किया।

लालगंज तहसील एवं दीवानी से जुडे अधिवक्ताओं के संगठन संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर पूर्व अध्यक्षों की बैठक मे सर्वसम्मत से राममोहन सिंह अध्यक्ष तथा देवी प्रसाद मिश्र महामंत्री निर्वाचित किये गये। सह अध्यक्ष पद पर वीरेन्द्र सिंह अगई व अजय शुक्ल गुडडू तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर राजेन्द्र प्रसाद मिश्र एवं कन्हैयाबक्श सिंह तथा उपाध्यक्ष पर रामलगन यादव व विकास मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष पर शिवाकांत उपाध्याय व आय-व्यय निरीक्षक पर टीपी यादव एवं संयोजक पद पर राव वीरेन्द्र सिंह चयनित हुए। चुनाव समिति मे चयनित प्रेस प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि सूचना मंत्री बेनीलाल शुक्ल व संगठन मंत्री सिविल के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह तथा प्रचार मंत्री संतोष पाण्डेय चयनित हुए हैं। राधारमण शुक्ल, लाल राजेन्द्र बहादुर सिंह व राज बहादुर पटेल तथा कालिका प्रसाद पाण्डेय संरक्षक सदस्य होंगे। चुनाव समिति ने इस बार दो चरणों मे चुनाव कराए जाने की घोषणा की है।

## इंटर नागरिकशास्त्र में 1194 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को दोनों पालियों में माध्यमिक षिक्षा परिषद की इंटर की नागरिक शास्त्र की परीक्षा थी। पहली बेला में इंटर व्यवसायिक तथा द्वितीय बेला में इंटर की नागरिक शास्त्र की परीक्षा थी। जिले भर के 203 परीक्षा केंद्रों पर इंटर नागरिक शास्त्र में 8081 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दीं जबकि 1194 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार पहली बेला में केवल 26 परीक्षा केन्द्रों पर इंटर व्यवसायिक की परीक्षा हुई जिसमें 696 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 50 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## ब्यापार मण्डल जिलाअध्यक्ष के बड़े भाई के आकस्मिक निधन पर शोक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग ब्यापार प्रतिनिधि मण्डल प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद केसरवानी के बड़े भाई केदारनाथ गुप्ता की अचानक हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई जिसकी जानकारी मिलते ही परियावां पाइकगंज बाजार के ब्यापारियों ने ब्यापार मण्डल के पूर्व महामंत्री मिश्रीलाल विश्कर्मा के नेतृत्व में एक शोक सभा आयोजित किया।

जिसमें मृतक की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से कामना किया और परिजनों को दुःख सहने की सहन शक्ति प्रदान करें ब्यापारियों ने परिवार के प्रति शोक संवेदना ब्यक्त किया। इस मौके पर राजेश साहू, अरविंद मौर्य, ननकऊ मौर्य, रामयश शुक्ला टोनी, सन्नो शुक्ला, पप्पू गुप्ता, कक्कू अग्रहरि, बच्चन तिवारी, संजय कक्कड़ पप्पन पूर्व ब्यापार मण्डल अध्यक्ष, सुभाष जायसवाल, ननके पांडेय, संतोष कुमार पांडेय, गनेश अग्रहरि, विकास अग्रहरि, डॉ अनुराग शुक्ला, अनिल अग्रहरि, जतिन अग्रहरि, बबलू सोनी, राम आसरे साहू, सुधीर जायसवल, भोला अग्रहरि लल्लू, सर्वेश अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं ने मनाई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारत के अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि कलेक्ट्रेट परिसर में उत्साह पूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम राष्ट्रप्रेमियों ने आजादी के महानायक के भव्य चित्र पर दिव्य दीप ज्योति प्रज्वलित करते हुए माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ संगम लाल त्रिपाठी भंवर ने पढ़ा कि ऊंचा हो तिरंगा जिंदाबाद चाहिए। आजाद पर महाकाव्य के रचनाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी ने पढ़ा कि जिस आयु में यौवन

### कर्मस्थली मतुई नमक शायर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग


चंदशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण करते अधिवक्तागण।

लोगों का श्रृंगार महल में सोता था, उस आयु में यौवन शेखर का कांटों पर सोया होता था। सुरेश पांडे संभव में पढ़ा कि यह दिवस महाबलिदानी है। इस अवसर पर अवधी शिरोमणि आद्या प्रसाद उन्मत्त के वीर पुत्र मुख्य अतिथि आनंद प्रचंड को सम्मानित किया गया। प्रचंड ने आजाद को भारत का अद्वितीय मनीषी बताया। आयोजक राज किशोर त्रिपाठी रागी ने कहा कि आजाद ने भारत देश को स्वाधीनता का मुकुट पहनाने में जो सहयोग किया है, वह अविस्मरणीय रहेगा। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता दीपू सिंह बैरागी ने आजाद को युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बताया। संचालन सुरेश व्योम ने तथा आभार प्रेम कुमार त्रिपाठी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कवि बेजोड़ तथा विनोद शर्मा ऋषि तिवारी, एस के दीक्षित, देवी प्रसाद, रवि कुमार द्विवेदी, धर्मेंद्र सिंह गुड्डू, आरबी सिंह, सुनील मिश्र, विशाल राणा, संदीप कुमार, धीरज शर्मा, सूर्य प्रकाश राय, उमेश सिंह, अशोक तिवारी असंभव, विनोद सरोज, शिनोद सिंह सहित तमाम अधिवक्तागण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर से आजाद की कर्मस्थली मतुई नमक शायर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने की मांग की।

## बाइक दुर्घटना में चौथे घायल की भी थमीं सांसें

### शनिवार को पिता पुत्री समेत तीन की हुई थी मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बीते शनिवार को देर शाम जेठवारा थाना क्षेत्र के भावन पुर गांव के पास बाइकों की आमने सामने हुई भीषण टक्कर में डेरवा कस्बा निवासी पिता पुत्री समेत तीन लोगों की मौत हो गयी थी और तीन अन्य घायलों को इलाज के लिए प्रयागराज भेजा गया था जहाँ मंगलवार को एक अन्य घायल रजी अहमद 18 वर्ष की भी मौत हो गयी। परिवार के किशोर की मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम सा मच गया। शव को पुलिस ने पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें बीते शनिवार को देर शाम डेरवा कस्बे के अजय मोदनवाल अपनी पत्नी सुनीता बेटे कार्तिकेय व बेटी प्राची को लेकर बाइक से अपनी ससुराल से अपने घर वापस आ रहे थे जैसे ही वे डेरवा बाबूगंज रोड पर भावनपुर कस्बे के पास पहुचे एक अन्य मोटरसाइकिल पर डेरवा निवासी जाकिर पुत्र अमानत व रजी पुत्र मुर्तजा जो बाबूगंज की ओर जा रहे थे दोनों बाइकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गयी जिससे दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग गम्भीर रूप से जख्मी हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुची जेठवारा पुलिस ने गम्भीर नजर आ रहे अजय मोदनवाल को बाघराय सीएचसी तथा अन्य घायलों को सीएचसी लालगंज भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने अजय मोदनवाल 45 व उनकी 8वर्षीय बेटी प्राची को मृत घोषित कर दिया और अन्य को इलाज के लिए प्रयागराज रिफर कर दिया जहां इलाज के दौरान घायल जाकिर पुत्र अमानत की भी सांसे थम गई। अन्य घायलों रजी सुनीता व कार्तिकेय का इलाज बिभिन्न अस्पतालों में चल रहा था।घायल रजी का इलाज प्रयागराज के शकुंतला हॉस्पिटल में चल रहा था मंगलवार को इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी घायल की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम सा मचा हुआ है मृतक रजी का पिता मुर्तजा फेरी का ब्यवसाय किया करता है। मृतक अपने तीन भाइयों व दो बहनों में सबसे छोटा था। मृतक के घर सम्बेदना जताने वालों का तांता सा लगा हुआ है।

# विज्ञान के प्रति प्रेम जगाएं तभी देश का विकास संभवः इमरान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नया मल गोदाम रोड स्थित रिवर डेल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओ ने बढ़कर हिस्सा लिया।

इस दौरान स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद इमरान खान ने कहा कि विज्ञान प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का जो हुनर बिखेरा, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रयोग की तरह होता है, जितनी बार आप प्रयोग करेंगे, परिणाम उतना ही अच्छा होगा। आज का विज्ञान कल की तकनीक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

### रिवर डेल पब्लिक स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रबंधक मो0 इमरान खान।

का उद्देश्य विज्ञान के लाभों के बारे में जागरूकता लाना और वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस युग में कुछ नया करें, विज्ञान की शक्ति सबको समझाएं। युवाओं के मन में विज्ञान के प्रति प्रेम जगाएं, तभी देश का विकास होगा। विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा-5 से कक्षा-8 तक के बच्चों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन कर दिल जीत लिया। प्रदर्शनी में मानवी, अनवेषा पारुल ने चंद्रयान-2, अर्पिता, नेहा, प्रीति ने वाटर हार्वेस्टिंग, जल शुद्धिकरण में गरिमा, इफत प्रदूषण नियंत्रण में अलैना, नमरा, नैनसी, एवानसी, विदुसी, परी, फलक, नाज, ऐमन, सिदरा खान अभिनव तिवारी, अरुण, आयशा, अनमोल पांडेय बच्चों ने इलेक्ट्रिक उपकरण, सोलर सिस्टम, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ग्रीन एनर्जी, लेजर लाइट, हायड्रोलिक जे सी बी, वाईफाई होलो ग्राम, ह्यूमन लैंस बनाए। इस मौके पर सह प्रबंधिका सादिया खान ने आए हुए सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, शिक्षिका सानिया, अलीशा पाल, महिमा रावत, सनोबर, शालू, उशरा, मारुत राय, करन शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, श्रीराम मिश्रा, अनवर हुसैन खां आदि लोग मौजूद रहे।

## भट्ठा मजदूर की दम घुटने से हुई मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार की रात भट्ठा मजदूर की आग से निकले धुंए के चलते दम घुटने से आकस्मिक मौत हो गयी। मौत की जानकारी परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया। पुलिस ने मजदूर के शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

जेठवारा थाना क्षेत्र के रेड़ी गांव निवासी गिरधारी लाल (48) पुत्र कदेदीन लीलापुर थाने के डांड़ी गांव के एक ईट भटठे पर काम कर रहा था। भटठे पर आग देते समय अचानक वह धुंए की गिरफ्त मे आ गया। दम घुटने से गिरधारी अचेत हो गया। आननफानन मे उसे इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी सांसे थम गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने गिरधारी के शव को कब्जे मे लेकर देर रात पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक के साथ उसका सोलह वर्षीय पुत्र मुकेश भी भटठे पर मौजूद था। मृतक गिरधारी की चार बेटियों मे अंतिमा की शादी हो चुकी है जबकि अंकिता व उमा अविवाहित हैं। वहीं मात्र दो वर्ष की बेटी राममनी तथा तीन वर्ष का मासूम आरके के सिर से पिता का साया उठ गया। गिरधारी मजदूरी करके घर परिवार का जीविकोपार्जन किया करता था। परिवार में आगामी नवंबर माह में गिरधारी की बेटी अंकिता की शादी की तैयारियां भी अभी से हंसी खुशी शुरू थी। अचानक गिरधारी की मौत से परिवार में मातम छा गया।

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज, बुधवार
01. 03. 2023



# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग एवं एफ.एल.-16/17 की होली पर बंद रहेंगी दुकाने

**कौशाम्बी।** जनपद में होली के पर्व पर शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट सुजीत कुमार ने उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम-1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद में आबकारी की थोक/फुटकर बिक्री के समस्त अनुज्ञापनों यथा-देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग एवं एफ0एल0-16/17 आदि को दिनांक 07 मार्च 2023 की रात्रि 08 बजे से दिनांक 08 मार्च 2023 को रात्रि 10 बजे तक बन्द रखे जाने का आदेश दिया है। बन्दी के फलस्वरूप अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल अथवा छूट देय नहीं होगा। उन्होंने आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित करने के निर्देश दियें है।

### सकिपा की मासिक बैठक आज

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में एक मार्च बुधवार को ग्यारह बजे से पार्टी की मासिक बैठक होगी।

# बारात से लौट रहे कारीगरों को डीजे ने मारी टक्कर एक की हुई मौत एक लहूलुहान

**हादसे की जानकारी मिलते ही दोनों परिवारों में मचा कोहराम, सीएससी चायल के स्वास्थ्य कर्मियों ने औपचारिकता निभाते हुए घायलों को किया प्रयागराज रेफर**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शादी विवाह में खाना बनाने के बाद 28 फरवरी की भोर 3:00 बजे बाइक से घर लौट रहे बाइक सवारों को पिपरी थाना क्षेत्र के चलौली पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित डीजे चालक ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर तड़पने लगे हैं जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस चौकी चायल इंचार्ज हमराही के साथ घटनास्थल पर पहुंचे हैं और घायलों को एंबुलेंस से चायल सीएससी भेजा है लेकिन वहां चिकित्सकों के न होने के चलते घायलों का इलाज नहीं हो सका और उन्हें स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया प्रयागराज पहुंचते-पहुंचते खून अधिक बह जाने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है और दूसरे युवक का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गए हैं हादसे की जानकारी मिलते ही दोनों परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव निवासी शिवम पुत्र दाऊ और सौरभ कोरी पुत्र छेदीलाल शादी विवाह में खाना बनाने का काम






करते हैं 27 फरवरी को दोनों कारीगर बाइक से पिपरी थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी विवाह में खाना बनाने गए थे भंडारे का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 28 फरवरी की भोर 3:00 बजे बाइक सवार दोनों कारीगर बाइक नंबर यूपी 73 अ अ 2336 से वापस अपने गांव चौराडीह लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक पिपरी थाना क्षेत्र के चलौली पेट्रोल पंप के पास पहुंचे कि तेज रफ्तार अनियंत्रित डीजे चालक ने बाइक सवार दोनों युवकों को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक समेत दोनो युवक सड़क पर गिरकर तड़पने लगे सड़क पर तड़प रहे दोनों युवको को देखकर सड़क से गुजर लोगों ने जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया सूचना मिलते ही पुलिस चौकी चायल इंचार्ज मनोज तोमर हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल पहुंचाया लेकिन इमरजेंसी में चिकित्सकों के ना मौजूद होने के चलते दोनों घायलों का इलाज नहीं हो सका अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने औपचारिकता निभाते हुए दोनों घायलों को यह कहकर कि हालत गंभीर है इलाज के लिए स्वरूपरानी नेहरु चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया रास्ते में खून अधिक बह जाने से घायल शिवम पुत्र दाऊ की मौत हो गई है चिकित्सकों ने शिवम की मौत की पुष्टि कर दी है गंभीर हालत में सौरभ कोरी का इलाज स्वरूप रानी अस्पताल में चल रहा है परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### कौशाम्बी बौद्ध महोत्सव : बुद्ध के मार्ग पर चलकर ही अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है : भिक्खु पी शिवली



**कौशाम्बी।** बौद्ध महोत्सव का आयोजन कौशाम्बी स्थिति मल्टीपरपज हाल में राष्ट्रीय शिक्षा धर्म ट्रस्ट एव संत शिरोमणि रविदास पीठ के तत्वावधान में किया गया कौशाम्बी, फतेहपुर, प्रयागराज, लखनऊ, प्रतापगढ़ एवं रायबरेली से चलकर उपासक और उपसिकाये आये कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से की गई कार्यक्रम में सर्वप्रथम टी श्री विसुद्धि थेरो ने बुद्ध वंदना कराकर की एव भिक्खु पी शिवली महाथेरा,भिक्खु बुद्ध रक्खित,और भिक्खु आनन्द रक्खित ने देशना दिया उन्होने कहा कि आप सभी बुध्द के बताए रास्तो पर चलकर अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है और पंचशील को जीवन मे धारण करके अपने आप और अपने परिवार को सुखी बना सकते है कार्यक्रम का संचालन रायबरेली से चलकर आये डा.पी एल आदर्श ने किया।कार्यक्रम में शरद कुमार,धर्मेंद्र तक्षक, सतीश गोयल,बृजेश प्रधान,राजकिशोर, विश्वबंधु, रामप्रकाश प्रधान,महेन्द्र गौतम,कामता प्रसाद,विद्यासागर घनश्याम गौतम, प्रदीप गौतम,अमरेन्द्र कुमार आदि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त किया जाना हुआ आवश्यक



**कौशाम्बी।** जिला पर्यावरण समिति, वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की मासिक बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद में प्रस्तावित समस्त परियोजनाओं के लिए एनजीटी के आदेश के अनुपालन में नियमानुसार पर्यावरण स्वीकृति के साथ ही स्थापनार्थ तथा संचालनार्थ सहमति प्राप्त किया जाय। वर्ष 2016 से 2018 के बीच खनन विभाग द्वारा लिए गए पर्यावरण स्वीकृति की सूची तथा नमामि गंगे से संबंधित समस्त परियोजनाओं की सूची वन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नियमित गंगा आरती का आयोजन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत को समय पर पर्यावरण अनुपालन की मासिक सूचना वन विभाग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### सत्संग, गुरुकृपा और भगवत भजन से होता है जीवन का कल्याण : बटुक जी महाराज



**कौशाम्बी।** अघोरी बाबा आश्रम कैमा धमावा के हनुमान मंदिर में चल रही नवदिवसीय श्रीरामकथा के पांचवे दिन चित्रकूट धाम से पधारे मानस वक्ता बटुक जी महाराज ने श्रोताओं को हनुमान जी महाराज की विशिष्ट भक्ति को बताया। कहा कि हनुमान जी महाराज भगवान श्रीराम जी एवं माता सीता जी के अनन्य भक्त थे। हनुमान जी महाराज ने लंका जाकर माता सीता की खोज की थी। जब हनुमान जी महाराज माता सीता की खोज कर वापस रामादल आए तो सब लोग बड़े प्रसन्न हुए। इस पर जामवंत जी ने भगवान श्रीराम जी से कहा कि...पभु की कृपा भयऊ सब काजू...जन्म हमार सुफल भा आजू... इस अवसर पर बटुक जी ने श्रोताओं को बताया कि सत्संग, गुरुकृपा और भगवत भजन करने से जीवन का कल्याण होता है। कथा को श्रवण करने वाले प्रमुख रूप से अजय सोनी, राधे साहू, सुरजीत वर्मा, तारा देवी, सुनीता कुमारी, सुमित्रा देवी, मालती देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

### लाइसेंस पंजीकरण हेतु आयोजित किया गया कैम्प



**कौशाम्बी।** आयुक्त ,खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार एवम जिलाधिकारी कौशाम्बी के निर्देशानुसार दिनांक 28 फरवरी 2023 को सराय आकिल के फकीराबाद बाजार में लाइसेंस पंजीकरण बनवाने हेतु कैंप आयोजित किया गया। इस कैम्प का बजार के खाद्य कारोबारियों द्वारा उत्साह से स्वागत किया गया तथा आज के कैम्प में 67 खाद्य प्रतिष्ठानों के पंजीकरण लाइसेंस बनाये गए । इसके पूर्व उक्त प्रकार के कैम्प का आयोजन मंझनपुर बाजार, सिराथू बाजार, अझुआ बाजार में किया गया था । इस प्रकार के 5 कैम्प जनपद के विभिन्न बाजारों में लगाये जाने हैं। इन कैम्पों के आयोजन के बाद सघन अभियान चला कर पंजीकरण एवम लाईसेंस की जांच की जाएगी तथा बिना लाइसेंस/ पंजीकरण वाले संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध उचित दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस कैम्प में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीरद पांडेय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शहाब उद्दीन सिद्दीकी तथा खाद्य सहायक अनिल एवम विजय शंकर उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस : विधार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न होना आवश्यक : डॉ. आभा त्रिपाठी




**कौशाम्बी।** जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में आर्यन प्रथम एवं सूर्यांश रहे द्वितीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब कौशांबी द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर 28 फरवरी को गंगा प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज, कोखराज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 9 तथा 11 के विधार्थियो ने मुख्य विषय-वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान पर आधारित विभिन्न विषयों पर अपने नवाचार मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ आभा त्रिपाठी सोसिएट प्रोफेसर कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज ने प्रदर्शनी का आलोकन के पश्चात अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्पन्न होना बहुत ही आवश्यक है उन्होंने कहा कि किसी समाज के विकास के लिए वैज्ञानिक सोच व तकनीक की अहम भूमिका होती है। आगे कहा कि हमें वैज्ञानिक सोच के साथ नई तकनीक को बढ़ावा देना चाहिए। टीपीएस प्रयागराज के वरिष्ठ रसायन शास्त्र प्रवक्ता डॉ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 28 फरवरी 1928 में भारतीय भौतिक विज्ञानी सर सी0 वी0 रमन ने स्पेक्ट्रोस्कोपी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण खोज की जिसे रमन प्रभाव कहा जाता है। इस खोज के लिए सर सी वी रमन को वर्ष 1930 में प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। जिला विज्ञान क्लब समन्वयक वसीम अहमद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को देश के विकास में विभिन्न वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, तकनीकीविदो, चिकित्सकों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण एवं उत्कृष्ट योगदान पर सघन विचार विमर्श किया जाता है। प्रतियोगिता में 15 मॉडल/ विद्यार्थियों का चयन मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता हेतु किया गया। जिसमें एंटी स्लीप अलार्म हेतु आर्यन पांडेय (धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार) ने प्रथम, प्रोटेक्शन ऑफ इन्वायरमेंट फ्रॉम इलेक्ट्रिसिटी हेतु सूरियांश त्रिपाठी(एमपी इंटर कॉलेज टिकरा) ने द्वितीय एवं स्मार्ट ब्रिज के लिए अनुराग गुप्ता( जय मां दुर्गे इंटर कॉलेज अमिरतापुर अझुवा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम पुरस्कार के रुप में रुपए 3000 द्वितीय के रूप में रुपए 2000 एवं तृतीय पुरस्कार के रूप मे रुपए 1000 एवं सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि डॉ आभा त्रिपाठी द्वारा प्रदान किया गया निर्णायक के रूप में डॉ आभा त्रिपाठी टीपीएस प्रयागराज के वरिष्ठ रसायन शास्त्र प्रवक्ता डॉ संजय श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव डॉक्टर रविंद्र कुमार सिंह रहे संचालन विज्ञान संचारक आयुष साहू ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, विवेक खरे, नितिन, तौकीर फातिमा, बबीता गौतम, विद्या पटेल, अनामिका यादव, लल्लू प्रसाद, उमरा फातिमा, संकल्प त्रिपाठी, राधेश्याम पांडेय,शीतला प्रसाद पांडेय आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष कुमार ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

# नगर पालिका परिषद की करोड़ों की जमीन पर भू माफिया का कब्जा

अखंड भारत संदेश

**खबर लगते ही अधिशासी आधिकारी ने संज्ञान लेकर नगर पालिका के ठेकेदार वा फर्म के मालिक लाला सिंह को किया सुपुर्द, अब बनवाई जा रही है दूकान मामला जी टी रोड स्थित धन्नी के पास का**



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के अंतर्गत कस्बा मूरत गंज के पास जी टी रोड के धन्नी मोहल्ला मे कौशाम्बी के भू माफिया द्वारा नगर पालिका परिषद भरवरी की बेशुमार करोड़ों की कीमती जमीन को कब्जा कर दुकानें बनवाई जा रहीं थी जिसकी जानकारी नवागंतुक एवम तेज तर्रार अधिशासी आधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा को मिली उन्होंने मामले को संज्ञान लेकर भूमाफिया के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए वहा से भागने को मजबूर कर दिया। इतना ही नही निर्माण कर रहें भूमाफियाओ के चंगुल से जमीन छीन कर नगर पालिका परिषद के ठेकेदार लाला सिंह को सुपुर्द कर आगे का निर्माण कर दुकानों को मजबूर वा बेरोजगार युवकों देने की बात कही' जिससे आने वाले समय में नगर पालिका परिषद भरवारी की आमदनी वा राजस्व की प्राप्ति होगी और कितने घरों की रोजी रोटी की व्यवस्था होगी इस कार्यवाही से जहा लोगो में खुशी हो रही है वही गरीबों मजलुमो को दूकान आबंटित करने से कुछ लोगो को रोजी रोटी की व्यवस्था होगी। आपको बता दे कि इस तरह से नगर पालिका परिषद की जहा जहा पर जमीन खाली पड़ी है उसको संज्ञान लेकर उसमे दूकान बनवाकर किराए पर उठाने का कार्य करने के साथ राजस्व प्राप्ति की व्यवस्था मैं अधिशासी अधिकारी लगे हैं जिससे नगर पालिका परिषद के तमाम खर्चों में मदद होगी।

# आयुष्मान भारत योजना के तहत आईपीडी एवं गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के प्रगति की डीएम ने की समीक्षा



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में आईपीडी एवं गोल्डेन कार्ड बनाने के कार्य में प्रगति लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सूचीबद्ध अस्पतालों द्वारा अब तक आयुष्मान भारत योजना के तहत की गई आईपीडी की विस्तृत समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों एवं सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों से कहा कि विशेष प्रयास करते हुए आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाय तथा आयुष्मान भारत योजना को सफल बनाने में अपना सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी आईपीडी मरीजों से यह जानकारी अवश्य प्राप्त किया जाय कि उनका गोल्डेन कार्ड बना है या नहीं तथा गोल्डेन कार्ड न बनने की जानकारी प्राप्त होने पर आयुष्मान मित्र द्वारा मरीज का आधार कार्ड/राशन कार्ड/मोबाइल नम्बर लेकर पात्रता की जॉच की जाय एवं पात्र पाये जाने पर गोल्डेन कार्ड बनाया जाय। उन्होंने सूचीबद्ध निजी अस्पतालो के प्रतिनिधियों से कहा कि आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय तथा अधिक से अधिक लाभार्थियो को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करायी जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल अवगत करायें, समाधान किया जायेंगा। डीएम ने नोडल अधिकारी, आयुष्मान भारत को प्रत्येक माह सूचीबद्ध अस्पतालों से लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों की आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि और निजी अस्पतालो को सूचीबद्ध किया जाय, जिससे अधिक से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि कार्ययोजना बनाकर गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में तेजी से प्रगति लायी जाय। बैठक में पूर्णिमा हास्पिटल से किसी के न आने पर चेतावनी जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। बैठक में बताया गया कि जनपद में 10 निजी अस्पताल एवं 08 सरकारी अस्पताल (जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र) सूचीबद्ध हैं। जनपद में अब तक लगभग 02 लाख, 23 हजार गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं तथा 7376 लाभार्थियां को लाभान्वित भी किया जा चुका है। सूचीबद्ध निजी अस्पताल-लवकुश हास्पिटल, न्यू तेजमती हास्पिटल, नव जीवन हास्पिटल, संजीवनी हास्पिटल, अमीर बॉनो मेमोरियल हास्पिटल, पूर्णिमा हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, जीवन दीप हास्पिटल, कामदगिरि हास्पिटल, विकास हास्पिटल एवं सेवा सदन हास्पिटल सम्मिलित हैं, आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी इन निजी सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क इलाज करा सकतें हैं।

# महिला का कमरे में मिला शव , क्षेत्र में मची सनसनी,जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**दूसरे पति से शादी कर अझुवा में रहने लगी थी महिला**




घटना की जांच पड़ताल करती पुलिस

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 4 मढियामाई रसूलपुर कांसीराम कालोनी में आज मंगलवार 3 से 4 बजे के बीच महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में शव बरामद हुआ है लोगो के अनुसार महिला के कथित पति ने गला घोंटकर हत्या कर फरार हो गया है। जानकारी के अनुसार नीलम देवी उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्री स्व देशी लाल निवासी अझुवा जो अपने बड़ी बहन रन्नो देवी के साथ कलकत्ता में रहती थी मृतक महिला की बहन ने 16 वर्ष पहले वहीं के निवासी सूरज के साथ शादी कर दी थी उसके एक पुत्र शनि उम्र लगभग 10 वर्ष पैदा हुआ कुछ दिन बाद नीलम देवी का चक्कर बिहार गया जिला निवासी रजकुमार से सम्बंध हो गया उसके साथ महिला भागकर अझुवा कांसीराम कालोनी में रहने लगी महिला पिछले 10 वर्ष से नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 4 रसूलपुर मढियामाई कांसीराम कालोनी के कमरा न .14 /163 में कथित पति राजकुमार और पुत्र शनि उम्र लगभग 10 वर्ष के साथ रहने लगी राजकुमार नगर पंचायत में सफाईकर्मी का कार्य करने लगा आज मंगलवार को उसके पुत्र शनि ने बताया कि पिछले 3-4 दिनों से महिला और राजकुमार में मारपीट होती थी शनि ने बताया कि वह दूसरे ब्लॉक में रहने वाली अपने नानी भुग्गी देवी पत्नी स्व देशीलाल के यहां चला गया था लगभग 3 बजे घर आया तो अंदर से दरवाजा बंद था दरवाजा खटखटाने पर कोई नही बोला नीचे जाकर नानी को बताया थोड़ी देर बाद फिर गया तो कथित पिता राजकुमार दरवाजे के पास रोकर बताया कि तेरी मां ने फांसी लगा लिया शनि नानी को बताने गया तब राजकुमार पहली मंजिल से कूदकर भाग गया ।वहीं मोहल्लेवासियों के अनुसार युवक अपने बिन शादी किये रहने वाली पत्नी की हत्या किया है मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने छानबीन करते हुए शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है पुलिस का कहना है पोस्टमार्टम के आधार पर कार्रवाई की जाएगी वहीं नगर वासियों के अनुसार कांसीराम कालोनी में अराजक तत्वों ने डेरा डाल लिया है अक्सर यहां तमाम अनैतिक कार्य होते हैं।



सड़क पर पड़े घायल का दृश्य

# तेज रफ्तार बाइक सवार विद्युत पोल से भिड़े,एक की मौत दूसरा गम्भीर घायल, सड़क के गड्ढे बने हादसे के कारण

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के टाण्डा ग्राम सभा के आगे गौती मार्ग पर बाइक सवार पोल से टकरा गए जिसमे एक युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी थाना सुल्तानपुर घोष जिला फतेहपुर के कोण्डारा पर गांव निवासी विवेक उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्र नरेश अपने दादा मुन्ना के पुत्र शनि के साथ बाइक से हथगांव जा रहे थे टाण्डा ग्राम सभा के आगे बिगड़ी सड़क गौती मार्ग पर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गए जिसमें दोनों युवक गिरकर तड़पने लगे खेत में काम कर रहे लोगों ने हादसा देखा तो मौके पर पहुंचे तमाम आने जाने वालों का मजमा लग गया तड़प रहे युवक को ग्रामीणों ने एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया एवम 112 नम्बर पुलिस को सूचना दिया सूचना पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चौकी पुलिस को सुपुर्द किया पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

## पुलिस विभाग में एसपी ने किया बड़े फेरबदल मलाईदार पद से हटाए गए कई थानेदार

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने दर्जन भर थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है रमेश पटेल प्रभारी निरीक्षक पश्चिम शरीरा को पश्चिम सरीरा से हटाते हुए इन्हें कोखराज थाना का प्रभारी बनाया गया है अभी तक कड़ा धाम थानाध्यक्ष रहे अभिलाष तिवारी को थानाध्यक्ष कड़ा धाम से हटाते हुए थानाध्यक्ष पश्चिम शरीरा की जिम्मेदारी सौंपी गई है पीआरओ में तैनात रहे प्रिंस दीक्षित को पीआरओ से हटाते हुए थानाध्यक्ष कड़ा धाम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रभारी निरीक्षक थाना मोहब्बतपुर पइंसा विनोद कुमार सिंह को थाना से हटाते हुए क्राइम ब्रांच भेज दिया गया है और मंझनपुर कोतवाली के पुलिस चौकी प्रभारी दीवर कोतारी में तैनात रहे रजनी कांत राजपूत को थानाध्यक्ष मोहब्बतपुर पइंसा की जिम्मेदारी पुलिस कप्तान ने सौंपी है। प्रभारी निरीक्षक पिपरी विनीत सिंह को पिपरी थाने से हटाते हुए इन्हें प्रभारी निरीक्षक थाना सराय अकिल की जिम्मेदारी सौंपी गई है और हिनौता पुलिस चौकी इंचार्ज रहे श्रवण कुमार को थानाध्यक्ष पिपरी के पद पर स्थानांतरण करने के आदेश जारी किए गए हैं। चंद्रभूषण मौर्य थानाध्यक्ष करारी को थाना से हटाते हुए एसपी ने चन्द्र भूषण मौर्या को पीआरओ द्वितीय की जिम्मेदारी दी है और प्रभारी सम्मन सेल से गणेश प्रसाद सिंह को हटाते हुए प्रभारी निरीक्षक करारी के पद पर भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक कौशांबी रमाशंकर सरोज को भी थाने से हटा दिया गया है और उन्हें चुनाव सेल प्रभारी बनाया गया है कौशांबी थानेदार रमाशंकर सरोज के स्थान पर अभी तक जन शिकायत प्रकोष्ठ के प्रभारी रहे महेश चंद को प्रभारी निरीक्षक कौशांबी का दायित्व सौंपा गया है। अभी तक थाना अध्यक्ष सैनी के पद पर रहे भुवनेश चौबे को थाने से हटा कर एसपी पीआरओ प्रथम की जिम्मेदारी दी गई है और उनके स्थान पर पुलिस लाइन से सुभाष चौरसिया निरीक्षक को प्रभारी निरीक्षक थाना सैनी के पद पर स्थानांतरित करने का निर्देश पुलिस अधीक्षक ने जारी किए हैं। सुशीला तिवारी प्रभारी महिला थाना को थाना से हटाने का आदेश देते हुए प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र भेज दिया गया है और महिला आयोग एवं बाल सुरक्षा संगठन से गायत्री सिंह को प्रभारी महिला थाना की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# न्याय देने के मामले में केवल शासन को सूचनाएं देने तक अधिकारियों का तंत्र रह गया है शामिल !

**थाना समाधान दिवस तहसील समाधान दिवस अधिकारियों को चौखट पर उमड़ती फरियादियों की भीड़ योगी सरकार में समस्या निस्तारण ना होने की बयां कर रही कहानी**

**कौशाम्बी।** शासन द्वारा पारदर्शी तरीके से गुणवत्तापूर्ण फरियादियों को त्वरित न्याय देने के लिए तमाम तरह की व्यवस्थाएं शुरू की गई है लेकिन तमाम व्यवस्थाओं के बाद भी जमीनी हकीकत में आम जनमानस को न्याय मिलता नहीं दिख रहा है केवल अभिलेखों में न्याय देने की बात कर शिकायती पत्रों का निस्तारण कर योगी सरकार को अधिकारियों द्वारा सूचनाएं भेजी जा रही है न्याय देने के मामले में केवल सूचनाओं तक अधिकारियों का तंत्र शामिल रह गया है जिससे जनता में योगी सरकार के शासन के प्रति जबरदस्त आक्रोश दिखाई पड़ रहा है जिसका खामियाजा लोकसभा के चुनाव में भाजपा सरकार को भुगतना पड़ सकता है थाना समाधान दिवस तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है मीटिंग बैठक और दिवस के आयोजन के आड़ में अधिकारी मौज मस्ती कर रहे हैं निचले स्तर से न्याय न मिलने के चलते थाना समाधान दिवस तहसील समाधान दिवस और बड़े अधिकारियों की चौखट पर फरियादियों की दिनों दिन भीड़ बढ़ रही है अधिकारियों के चौखट पर भी प्रतिदिन फरियादियों की भारी भीड़ लग रही है लेकिन जांच के नाम पर निचले स्तर पर शिकायती पत्रों को भेज दिया जाता जहां फिर पीड़ित फरियादियों को न्याय नहीं मिलता कौशांबी जिले समेत पूरे प्रदेश में थाना समाधान दिवस तहसील समाधान दिवस डीएम एसपी की चौखट से लेकर मंडलायुक्त पुलिस कमिश्नर अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस महानिरीक्षक के कार्यालयों में न्याय पाने के लिए अधिकारियों की चौखट पर फरियादियों की भारी भीड़ लग रही है। सवाल उठता है कि यदि फरियादियों को गांव स्तर पर थाना पुलिस चौकी स्तर पर राजस्व लेखपाल तहसील स्तर पर पंचायत सचिव और ग्राम पंचायत ब्लाक स्तर पर न्याय मिल गया होता तो थाना समाधान दिवस तहसील समाधान दिवस ब्लॉक समाधान दिवस ग्राम चौपाल और बड़े अधिकारियों की चौखट पर फरियादियों को न्याय मांगने ना जाना पड़ता निचले स्तर पर आम जनमानस को न्याय नहीं मिल रहा है जो योगी सरकार की विफलता की कहानी बयां कर रहा है निचले स्तर पर न्याय न मिलने से बड़े स्तर पर फरियादी न्याय की उम्मीद से जाते है लेकिन वहां भी न्याय मिलना आसान नहीं होता है बड़े अधिकारी अधीनस्थ पर आंख मूंदकर भरोसा कर रहे हैं जबकि हकीकत इससे काफी दूर है योगी सरकार में न्याय देने की व्यवस्था जर्जर होती दिखाई पड़ रही है और फरियादी न्याय के लिए मारा मारा फिर रहा है उसकी कोई सुनने वाला नहीं है यदि फरियादियों को न्याय मिल जाता तो अधिकारियों की चौखट पर वह समय बर्बाद ना करते। ऑनलाइन आईजीआरएस की शिकायत निस्तारण का भी यही आलम है केवल शिकायती पत्रों को बोझ समझकर उसके निस्तारण की सूचना योगी सरकार तक पहुंचाने का प्रयास अधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा है फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण अधिकारी नहीं कर रहे है शिकायती पत्रों के निस्तारण से फरियादी संतुष्ट नहीं दिखाई पड़ रहे हैं शिकायत करने वाले फरियादी थाना पुलिस चौकी तहसील से लेकर बड़े अधिकारियों की नजर में उनके लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं और केवल अभिलेखों में शिकायती प्रार्थना पत्र का निस्तारण होता रहे जमीनी हकीकत में इससे अधिकारियों को कोई लेना देना नहीं है अधिकारियों के चौखट पर न्याय पाने के लिए बढ़ती भीड़ योगी सरकार की विफलता की कहानी बयां कर रही है लेकिन उसके बाद भी योगी सरकार के बड़े अधिकारी न्याय ना देने वाले थाना पुलिस चौकी पुलिस ब्लाक विकास भवन ग्राम पंचायत तहसील के अधिकारियों की नकेल कस कर उन पर कठोर कार्यवाही करके फरियादियों को न्याय देने के लिए प्रेरित नहीं कर पा रहे हैं जिससे छोटे स्तर पर फरियादियों को न्याय न मिलने के पीछे बड़े अधिकारियों की भी सोची समझी साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता है आम जनता को न्याय ना मिलने के बाद आम जनता का बीते 2 वर्षो से योगी सरकार से विश्वास और अपनापन कम होता दिखाई पड़ रहा है जिसका खामियाजा आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ सकता है।

संपादकीय

# नल से जल पहल, करे सुरक्षित कल

**नीति** आयोग की 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार, 600 मिलियन भारतीय अत्यधिक जल संकट का सामना करते हैं और सुरक्षित पानी तक अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोगों की मौत हो जाती है। 2030 तक, देश की पानी की मांग उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने का अनुमान है, जो लाखों लोगों के लिए गंभीर पानी की कमी और देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्त 6% की हानि का संकेत है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि 84% ग्रामीण घरों में पाइप से पानी की सुविधा नहीं है, देश का 70% से अधिक पानी दूषित है। जल जीवन मिशन ने 2024 तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की परिकल्पना की है। यह जल शक्ति मंत्रालय के अधीन है। इसे 2019 में लॉन्च किया गया था। यह 2024 तक हर ग्रामीण घर में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार के जल जीवन मिशन का एक घटक है। यह योजना एक अनूठे मॉडल पर आधारित है, जहां ग्रामीणों की पानी समितियां (जल समिति) यह तय करेंगी कि वे अपने द्वारा उपभोग किए जाने वाले पानी के लिए क्या भुगतान करेंगे। इस पहल का भारत में ग्रामीण और शहरी समुदायों पर महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक प्रभाव है जैसे बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से लोगों के स्वास्थ्य में काफी सुधार हो सकता है। उचित स्वच्छता और साफ पानी की आपूर्ति के अभाव में जलजनित रोग फैल सकते हैं। नल से जल पहल से सुरक्षित पेयजल तक पहुंच में सुधार होगा, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आ सकती है। सुरक्षित पेयजल तक पहुंच के साथ, लोग उत्पादक गतिविधियों पर अधिक समय व्यतीत कर सकते हैं, जैसे कि खेती, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कई लोगों के लिए आजीविका का मुख्य स्त्रोत है। इससे उत्पादकता और आर्थिक विकास में वृद्धि हो सकती है। इस पहल से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराकर ग्रामीण परिवारों के स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार की उम्मीद है, जिससे जलजनित रोगों की घटनाओं में कमी आएगी। पाइप द्वारा जल आपूर्ति तक पहुंच ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं के लिए समय और प्रयास की बचत करेगी, जो परंपरागत रूप से दूर के स्त्रोतों से पानी एकत्र करने के लिए जिम्मेदार हैं। स्वच्छता तक पहुंच में वृद्धिः इस पहल से स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच भी बढ़ेगी, क्योंकि घरेलू शौचालयों के लिए पाइप जलापूर्ति का उपयोग किया जा सकता है। पहल भूजल स्त्रोतों पर निर्भरता को कम करेगी, जो भूजल संसाधनों के संरक्षण में मदद करेगी और समग्र पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देगी। नल से जल पहल, जिसका उद्देश्य 2024 तक हर घर में पाइप से पानी की आपूर्ति करना है, कई चुनौतियों का सामना करती है। नल से जल पहल को लागू करने में सबसे बड़ी चुनौती कई क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। पाइप वाली जल आपूर्ति प्रणाली के निर्माण के लिए बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होती है।

# अशांत पंजाब चिंता का विषय

राजेश

**पंजाब** की हवाओं में अशांति तैरने लगी हे। बीते दिनों वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह के समर्थकों द्वारा अजनाला पुलिस थाने पर कब्जा कर लिया गया। जिस तरह सडक पर तलवारों, लाठियों और बंदूकों के साथ सिखों का सैलाब देखा गया और उसने अजनाला पुलिस स्टेशन पर धावा बोल दिया, तो लगा कि पंजाब पुलिस बेबस, लाचार और असहाय हो गई है! उसका मनोबल टूट चुका है। पंजाब में बेकाबू हुए हालातों ने देशभर के लोगों का दिल दहला दिया है। 1995 के बाद बाद काफी हद तक खालिस्तानी घटनाएं कम हो गई थीं, जबकि भारत से बाहर खालिस्तान की मांग को लेकर आंदोलन होते रहे। अब हाल के वर्षों में पंजाब में एक बार फिर यह सिर उठा रहा है। खालिस्तान यानी खालसाओं का अलग देश. इस आंदोलन के तार वैसे तो आजादी के 18 साल पहले 1929 में हुए लाहौर अधिवेशन से ही जुड़े हुए हैं, जिसमें शिरोमणि अकाली दल ने सिखों के लिए अलग राज्य की मांग की थी, लेकिन आजादी के बाद जब भारत और पाकिस्तान अलग हुए तो इस मांग को और हवा मिली। 1947 में ही पंजाबी सूबा आंदोलन शुरू हुआ.।1966 में जब इंदिरा गांधी की सरकार थी, तब पंजाब तीन टुकड़ों में बंटा। सिखों की बहुलता वाला हिस्सा पंजाब, हिंदी भाषियों की बहुलता वाला हिस्सा हरियाणा और तीसरा हिस्सा चंडीगढ़ बना. इसके बावजूद खालिस्तान की मांग जारी रही. अलग राज्य नहीं, अलग देश की मांग। 80 के दशक में पंजाब में हिंसक घटनाएं बढ़ती जा रही थीं। इसके पीछे था, जरनैल सिंह भिंडरावाले, जिसे ऑपरेशन ब्लू स्टार में मार गिराया गया। वर्तमान में दुबई से लौटा अमृतपाल सिंह दूसरा भिंडरावाला बनने के संकेत दे रहा है। भिंडरावाला ही उसका आदर्श है। उसने खुद को स्वयंभू खालिस्तानी घोषित कर दिया है। उसने साफ कहा है कि वह भारतीय नहीं है। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने के बाद से कानून और व्यवस्था पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। सिंगर सिद्धू मूसेवाला, डेरा सच्चा सौदा के भक्त से लेकर हिंदूवादी नेता सुधीर सूरी की हत्या की बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। खालिस्तानी तत्व भी लगातार सिर उठा रहे हैं। खालिस्तानी तत्व भी लगातार सिर उठा रहे हैं। ऐसे में अमित शाह की हालात को कंट्रोल से बाहर न जाने देने की बात ये साफ कर रही है कि केंद्र सरकार पंजाब के हालात के प्रति उदासीन नहीं है। खालिस्तानियों ने भी पंजाब में नई सरकार बनने के बाद अपनी गतिविधियां तेज कर दी है जिससे चिंताजनक हालात बन रहे है। लाकप्रीय पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता सिद्धू मूसेवाला की दिन दहाड़े की गई हत्या ने पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है। गौरतलब है कि सिद्धू मूसेवाला को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही थी इसके बावजूद मान सरकार ने उनकी सुरक्षा व्यवस्था हटा ली थी।

# क्या कश्मीर में बदलते हालात जंग की आहट है?

ललित गर्ग



**लम्बे** समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराने लगे हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर के पुलवामा के अचन गांव में एक कश्मीरी पंडित की हत्या ने अनेक सवाल खडे.कर दिये हैं। सवाल अनेक हैं लेकिन एक ज्वलंत सवाल है कि क्या कश्मीरी पंडितों की हत्याओं के सिलसिले का कभी अंत हो पाएगा? क्या अचन गांव में एक और कश्मीरी पंडित की हत्या भी अखबारों और टीवी चैनलों की सुर्खियां बनकर ही रह जाएगा? क्या कश्मीर घाटी का अमन-चैन वापस लौटेगा? कश्मीर पहले की तरह धरती का स्वर्ग नजर आएगा? इन सवालों का जवाब सिर्फ कश्मीर की जनता ही नहीं, बल्कि देश के साथ पूरी दुनिया भी जानने को उत्सुक है। यह सही है कि घाटी में सुरक्षा बलों और सैन्य ठिकानों पर हमले अब काफी कम हो गए हैं, लेकिन आम नागरिकों और खासकर कश्मीरी पंडितों और प्रवासी कामगारों की सुरक्षा से जुड़े सवाल अब भी अहम एवं कायम हैं।

बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। वैसे तो कश्मीर अनेक बार जंग का मैदान बनी है, लेकिन इस बार चुनाव का मैदान है। बुलट की जगह है बैलेट। जंग कोई भी हो खतरा तो उठाना ही पड़ता है। जंग कैसी भी हो, लड़ता पूरा राष्ट्र है। भारत की इज्जत और प्रतिष्ठा है कश्मीर, नाक है। कितनी कीमत चुका दी, चुका रहे हैं। वहां राजनीतिज्ञों की माँग है- स्वायत्तता। जनता ही माँग है- शांति। दोनों चाहते हैं वहां लोकतंत्र लौटे। दोनों को इन्तजार है नतीजों का। इधर पूरे राष्ट्र व विश्व को भी इन्तजार है नतीजों का।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निदार्षी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ लोगों को बन्दूक से सन्दूक तक लाने का, बेशक यह कठिन और पेचीदा काम है लेकिन राष्ट्रीय एकता और निर्माण संबंधी कौन-सा कार्य पेचीदा और कठिन नहीं रहा है? इन कठिन एवं पेचीदा कामों को आसान करना ही तो मोदी का जादू रहा है। लेकिन उससे पहले कश्मीरी पंडितों के पलायन को रोकना ज्यादा जरूरी है। उनकी जीवन-रक्षा ज्यादा मूल्यवान है। अब ताजा घटना में मारे गए कश्मीरी पंडित का परिवार भी पलायन की सोच रहा है। सरकार पंडितों पर खतरे से अनजान नहीं है। इन्हें लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया जा रहा है। इसे रोक पाने में सरकार को विशेष सफलता मिलती नहीं दिख रही है। लक्षित हमलों में अक्तूबर 2021 से अब तक पांच पंडितों की हत्या की जा चुकी है। इनमें से चार ऐसे थे, जिन्होंने 1990 में आतंक के भयावह दौर में भी घाटी से पलायन नहीं किया था। अचन गांव के साठ पंडित परिवारों में से उनसठ तभी पलायन कर गए थे। मारे गए व्यक्ति को पुलिस ने जान पर खतरे के बारे में पहले ही आगाह कर दिया था, जिसके बाद वे पिछले तीन-चार महीने से अपने काम पर नहीं जा रहे थे। घर के पास सुरक्षा के लिए पुलिस की भी तैनाती थी। इस सारे एहतियात के बावजूद उनकी हत्या हो जाने से लगता है कि आतंकियों के पास स्थानीय समर्थन है, जो उन्हें लक्ष्य की गतिविधियों की खबर देता था। इन आतंकी गिरोहों के पास ज्यादा मजबूत खुफियातंत्र है। इन हत्याओं से आम पंडितों और प्रवासी कामगारों को यह लगना स्वाभाविक है कि सरकार उनकी सुरक्षा में विफल है और वे फिर पलायन की सोच सकते हैं। पर यह आतंक को खाद-पानी देने जैसा होगा। आतंक के पोषक और उनके आका भी यही चाहते हैं कि डर कर घाटी में बचे-खुचे पंडित भी पलायन कर जाएं और दशकों पहले घर-बार छोड़ कर भाग चुके पंडित घर वापसी के बारे में कतई न सोचें। यह तो जीत की ओर बढ़ते कदमों के पीछे हटने जैसे हालात है। सरकार घर-बार छोड़कर भाग चुके पंडितों की घाटी में वापसी चाहती है। पर वे लोग, जिन्होंने नब्बे के दशक में आतंक के दौर में भी घाटी नहीं छोड़ा, अब चुन-चुन कर मारे जा रहे हैं तो जम्मू या देश के अन्य हिस्सों में रह रहे पंडितों को वापसी के लिए कैसे मनाया जा सकता है। असुरक्षा की भावना अब भी उतनी ही है, जितनी पहले थी। हमारे लिए कश्मीर सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा मात्र नहीं है, यह हमारी शान है, इससे हमारा भावनात्मक एवं राष्ट्रीय जुड़ाव है। पुलवामा में सैनिकों पर हो या अमरनाथ यात्रियों पर, दिमाग में कौंध रहे सवाल और बड़े होकर उमड़ने लगते हैं। यह सही है कि आतंकी घटनाएं पूरी दुनिया के लिए चुनौती बनी हुई हैं, लेकिन क्या हम कश्मीर में इसे जड़ से उखाड़ नहीं फेंक सकते? आतंककारी घटनाओं पर देश में होने वाली राजनीति भी इस दिशा में नकारात्मक पहलू माना जा सकता है। सब जानते हैं कि पिछले साढ़े तीन दशक में दिल्ली और कश्मीर की सत्ता पर भाजपा भी काबिज रही है और कांग्रेस भी। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी, समाजवादी पार्टी और राजद जैसे दल भी सहयोगियों की भूमिका में रह चुके हैं, लेकिन विपक्ष में जो भी दल होता है, सरकार पर निशाना साधने से न चूका है और न चूकेगा।

> आतंककारी घटनाओं पर देश में होने वाली राजनीति भी इस दिशा में नकारात्मक पहलू माना जा सकता है। सब जानते हैं कि पिछले साढ़े तीन दशक में दिल्ली और कश्मीर की सत्ता पर भाजपा भी काबिज रही है और कांग्रेस भी

15 अगस्त 47 के दिन से ही पड़ोसी देश पाकिस्तान एक दिन भी चुप नहीं बैठा, लगातार आतंक की आंधी को पोषित करता रहा, अपनी इन कुचेष्ठाओं के चलते वह कंगाल हो चुका है, आर्थिक बदहाली में कटोरा लेकर दुनिया घूम आया, अब कोई मदद को तैयार नहीं, फिर भी उसकी घरेलू व विदेश नीति कश्मीर पर ही आधारित है। कश्मीर सदैव उनकी प्राथमिक सूची में रहा। पाकिस्तान जानता है कि सही क्या है पर उसकी उसमें वृत्ति नहीं है, पाकिस्तान जानता है कि गलत क्या है पर उससे उसकी निवृत्ति नहीं है। कश्मीर को अशांत करने का कोई मौका वह खोना नहीं चाहता। आज के दौर में उठने वाले सवालों में ज्यादातर का जवाब केंद्र सरकार को ही देना है। यह बात भी सही है कि इस मसले को दलगत राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। ऐसे वक्त में जब कश्मीर में लोकतांत्रिक तरीके से सरकार बनाने की तैयारियां चल रही हों, वहां शांति स्थापित करना सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। आए दिन की हिंसक घटनाएं आम नागरिकों में भय का माहौल ही बनाती हैं। माना कि रोग पुराना है, लेकिन ठोस प्रयासों के जरिए इसकी जड़ का इलाज होना ही चाहिए। इनमें अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार एवं सक्षम किया जाये। आतंकी संगठनों में नए भर्ती हुए युवाओं और उनके मददगारों की शिनाख्त जरूरी है, ताकि लक्षित हत्याओं के उनके इरादों को पहले ही नाकाम किया जा सके। घाटी में हालात सुधरने के केंद्र सरकार के दावों की सत्यता इसी से परखी जाएगी कि घाटी में अल्पसंख्यक पंडित और प्रवासी कामगार खुद को कितना सुरक्षित महसूस करते हैं। वास्तव में देखा जाये तो असली लड़ाई कश्मीर में बन्दूक और सन्दूक की है, आतंकवाद और लोकतंत्र की है, अलगाववाद और एकता की है, पाकिस्तान और भारत की है। जब लड़ाई पाकिस्तान और भारत की है तो एक बार फिर चुनावी जंग से पहले मैदानी जंग हो जाने दें।

प्रेषकः

# कांग्रेस राज्यों में जीती तभी कुछ होगा

अशोक

**कांग्रेस** पार्टी के नेता एकतरफा तरीके से ऐलान कर रहे हैं कि 2024 में गठबंधन की सरकार बनेगी तो कांग्रेस नेतृत्व करेगी या 2024 के चुनाव में राहुल गांधी विपक्ष की धुरी होंगे लेकिन यह तभी होगा, जब इस साल होने वाले राज्यों के चुनावों में कांग्रेस जीते। अगर कांग्रेस नहीं जीतती है तो विपक्षी पार्टियां उसे भाव नहीं देंगी, उलटे उसे और कमजोर करने की राजनीति करेंगी। ध्यान रहे राजनीति कोई सद्भाव का खेल नहीं होता है। किसी को कांग्रेस के साथ सहानुभूति नहीं है। अगर कांग्रेस साबित करती है कि उसकी उपयोगिता है और देश के लोग अब भी उसे चाहते हैं तब तो बात हो सकती है। अन्यथा ज्यादातर विपक्षी पार्टियां राज्यों में कांग्रेस की जगह लेने के लिए बेचैन हैं।अगर इस साल होने वाले चुनाव में कांग्रेस नहीं जीतती है तो विपक्षी पार्टियों के सामने उसकी मोलभाव की क्षमता कम होगी। लेकिन अगर विपक्षी पार्टियों की स्थिति भी कमजोर होती है तो मामला बराबरी का बनेगा। आज तक का इतिहास देखे तो देश में अब तक हुए 17 आम चुनाव में से कांग्रेस ने 6 में पूर्ण बहुमत, 4 में गठबंधन का नेतृत्व और 7 प्रधानमंत्री दिए है। 137 साल पुरानी इस पार्टी का प्रभुत्व आजादी के बाद के कुछ वर्षों तक देश के पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक था। इतना ही नहीं अलग-अलग राज्यों में क्षत्रप बने कई बड़े नेता और पार्टियां इसी कांग्रेस से टूटकर बनी हैं।ये ट्रैक रिकॉर्ड उस पार्टी का है जो शायद अब तक के अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। हालात ये हैं कि कांग्रेस फिलहाल सिर्फ दो राज्यों में ही पूर्ण बहुमत के साथ काबिज है। वहीं तीन राज्यों में दूसरी पार्टियों के साथ गठबंधन में सत्ता में है। हाल फिलहाल में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने भी पार्टी का साथ छोड़ा है। कई राज्यों में पार्टी कैडर में बगावत की खबरें सामने आती रहती हैं यहां तक की सेंट्रल लीडरशिप में भी अनबन की खबरें आम हैं। चुनाव के मोर्चे पर बात करें तो उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, बंगाल जैसे राज्यों में तो पार्टी को सत्ता में लौटे हुए दशकों बरसों गए हैं। आखिर इतने समृद्ध इतिहास वाली कांग्रेस का ऐसा हाल कैसे हो गया और कौन से ऐसे राज्य हैं जहां पार्टी को लौटे हुए दशकों हो गए हैं और वजह क्या है। एक दौर ऐसा भी था जब गुजरात की सियासत में कांग्रेस का दबदबा हुआ करता था। लेकिन साल 1990 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार हुई। उस वक्त जनता दल और बीजेपी की मिली-जुली सरकार बनी और तब से लेकर आजतक इस राज्य में कांग्रेस की वापसी नहीं हो पाई है। हालांकि 1990 में राम मंदिर के मुद्दे को लेकर बीजेपी और जनता दल का साथ टूट गया, जिसका फायदा बीजेपी को 1995 में मिलना शुरू हुआ। इसी साल 1995 में 182 सीटों में से 121 सीटें बीजेपी के पक्ष में गई। गुजरात के गठन के बाद सबसे पहले साल 1960 में विधानसभा चुनाव हुए थे। इस चुनाव के दौरान 132 सीटों में से कांग्रेस ने 112 सीटों पर जीत दर्ज किया और सत्ता में आई। साल 1960 से लेकर साल 1975 तक गुजरात में कांग्रेस ने एक्षत्र राज किया। पार्टी की सत्ता के दौरान 1960 से लेकर 1963 तक राज्य के पहले सीएम कभी महात्मा गांधी के डॉक्टर रह चुके जीवराज नारायण मेहता बने। उनके बाद सीएम के पद पर बलवंतराय मेहता आए और गुजरात के दूसरे मुख्यमंत्री बने। बलवंतराय मेहता सीएम की कुर्सी पर काबिज होने से पहले स्वतंत्रता सेनानी भी रह चुके थे। हालांकि भारत-पाक युद्ध के दौरान जब वह कच्छ जा रहे थे तब उनके विमान पर हमला कर दिया था और 19 सितम्बर 1965 को उनकी मृत्यु हो गई। राज्य के दूसरे सीएम के मौत के बाद हितेंद्र देसाई ने मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात का कार्यभार संभाला और उनके कार्यकाल के दौरान ही गुजरात में पहली बार सांप्रदायिक दंगा भड़का था। इसके बाद घनश्याम ओझा सीएम बने। उनके कार्यकाल के बीच में ही उन्हें हटाकर चिमनभाई पटेल को गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया गया। चिमनभाई पटेल लगभग 200 दिनों तक वो सीएम के पद पर रहे। जिसके बाद नव निर्माण आंदोलन के दबाव में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। सीएम के इस्तीफे के बाद विधानसभा भंग की गई और जब दोबारा चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई। यही वो आखिरी साल था जब गुजरात में कांग्रेस की सरकार रही। बाबूभाई पटेल गुजरात के पहले गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। राजधानी दिल्ली भी उन राज्यों में शामिल है जहां कांग्रेस का प्रभुत्व तो रहा है लेकिन एक बार सत्ता जाने के बाद फिर पार्टी की कभी वापसी नहीं हुई। दिल्ली में 1993 से लेकर अब तक सात बार विधानसभा चुनाव हो चुके हैं। इन सात बार में सबसे ज्यादा यानी चार बार कांग्रेस सत्ता में आई। इनमें से एक बार बीजेपी, तीन बार कांग्रेस और दो बार आम आदमी पार्टी सत्ता पर विराजमान होने में कामयाब रही है।दिल्ली में पहली बार साल 1993 में विधानसभा चुनाव हुआ था। इससे पहले यह केंद्र शासित प्रदेश था, जहां विधानसभा चुनाव नहीं होते थे। राजधानी दिल्ली में हुए पहले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने जीत दर्ज की और सत्ता में आ गई। इस चुनाव में कुल 70 विधानसभा सीट थे जिसमें बीजेपी 47।82 फीसदी वोट के साथ 49 सीटें जीती थी। वहीं को उस वक्त 34।48 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं। हालांकि दूसरे विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सत्ता छीन लिया। साल 1998 में हुए दूसरे विधानसभा चुनाव में दिल्ली की कुल 70 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस 47।76 फीसदी वोट के साथ 52 सीटें जीतने में कामयाब रहीं। उस वक्त कांग्रेस की जीत का सेहरा शीला दीक्षित के सिर सजा। 2003 में तीसरी बार विधानसभा चुनाव हुए जिसमें कांग्रेस 48।13 फीसदी वोट के साथ 47 सीटें जीतने में कामयाब और एक बार फिर इस बार भी कांग्रेस की जीत का श्रेय शीला दीक्षित को मिला और वह एक दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने में कामयाब रहीं।दिल्ली में चौथी बार साल 2008 में विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव में भी कांग्रेस 40।31 फीसदी वोट के साथ 43 सीटें जीतने में कामयाब रही थी और इस तरह शीला दीक्षित दिल्ली में जीत की हैट्रिक और मुख्यमंत्री बनने में कामयाब रही। इसके बाद पांचवें विधानसभा चुनाव में, यानी 2013 में किसी को बहुमत नहीं मिला। इसके अलावा साल 2015 के विधानसभा चुनाव ने अअढ को प्रचंड जीत हासिल की। महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी ने बरसों तक राज किया है। एक समय था जब लगातार कांग्रेस की ही सत्ता था। लेकिन 2010 के बाद से यही पार्टी महाराष्ट्र में कुर्सी पाने के लिए जंग लड़ रही है।

# पर्यावरण के प्रति हम अपनी बंद आंखों को खोलें

**हाल** ही में एक्सडीआई यानी कि क्रॉस डिपेंडेंसी इनीशिएटिव ने जलवायु परिवर्तन को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें जलवायु परिवर्तन के हैजार्डस यानी कि खतरों से अवगत कराया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत के 9 राज्यों समेत दुनियाभर के 2,600 राज्यों व प्रांतों पर जलवायु परिवर्तन का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। रिपोर्ट के आंकड़ें निश्चित तौर पर मानवजाति को चिंता में डालते हैं। यह अत्यंत ही गंभीर व संवेदनशील है कि भारत के 9 राज्यों पर बाढ़, जंगलों की आग, हीटवेव, समुद्र सतह के बढ़ने और लू जैसे गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं। बताया गया है कि शीर्ष पचास में भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश, असम,राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और केरल जैसे राज्य शामिल हैं। वर्ष 2050 तक विश्व के पचास राज्यों में भारत के नौ राज्यों को जलवायु परिवर्तन के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील बताया गया है। जो सूची जारी की गई है उसमें अस्सी प्रतिशत राज्य भारत,चीन और अमेरिका के हैं।

पाकिस्तान पर भी इस रिपोर्ट में बड़ा खतरा बताया गया है। चीन के सत्ताइस प्रांतों के बाद सर्वाधिक नौ राज्य भारत से ही हैं। इसमें अमेरिका के पांच, इंडोनेशिया और ब्राजील के तीन-तीन और पाकिस्तान के दो तथा अफगानिस्तान के एक राज्य को शामिल किया गया है। यहाँ जानकारी देता चलूं कि यह पहली बार है जब दुनिया के हर राज्य, प्रांत और क्षेत्र की तुलना में विशेष रूप से निर्मित एनवायरमेंट पर केंद्रित भौतिक जलवायु जोखिम का इस प्रकार से बड़ा विश्लेषण किया गया है।

बताता चलूं कि एक्सडीआई द्वारा दुनिया के 2600 राज्यों, प्रांतों, क्षेत्रों को इस रिपोर्ट में कवर किया गया है। क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव की रिपोर्ट की मानें तो साल 2050 में 200 में से 114 जोखिम वाले प्रांत एशिया के ही हैं। सबसे ज्यादा खतरा चीन,भारत व अमेरिका को है।दस सबसे ज्यादा खतरे वाले इलाकों में नौ चीन के हैं।शियांगजू और शांगडोंग जैसे शहर जो कि चीन के सबसे बड़े आर्थिक केंद्र हैं, को गंभीर खतरा बताया गया है। एक ही देश के सबसे ज्यादा खतरे वाली जगहों में चीन सबसे ऊपर है जबकि अमेरिका दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट में फ्लोरिडा को दसवें नंबर पर बताया गया है। इस रिपोर्ट में सरकारों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने के लिए फौरन कदम उठाने की जरूरत बताते हुए कहा गया है कि खतरे वाले क्षेत्रों को बाढ़ के लिए सुरक्षा जैसे उपाय भी करने होंगे। जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान को भी बबार्दी का एक बड़ा खतरा बताया गया है। आज कार्बन के अत्यधिक उत्सर्जन से हमारे पर्यावरण का लगातार सत्यानाश हो रहा है और वर्ष 1990 की तुलना में लगभग धरती का तापमान यदि तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ता है तो हमें इसमें कमी लाने के प्रयास करने होंगे और इसे 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रोकना होगा।

जानकारी देता चलूं कि इस रिपोर्ट में मानव गतिविधियों और घरों से लेकर इमारतों तक यानी मानव निर्मित पर्यावरण को जलवायु परिवर्तन व मौसम के चरम हालात से नुकसान के पूवार्नुमान का प्रयास हुआ है। इसी आधार पर रैंकिंग की गई है। आज मनुष्य अपने स्वार्थ और लालच के चलते हर कहीं मनमाकिफ कंक्रीट की दीवारें खड़ी कर रहा है, उसे पर्यावरण से कोई विशेष सरोकार नहीं रह गया है। मनुष्य ने अपनी जरूरतों के अनुसार पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में न रखते हुए अंधाधुंध रूप से मकान, भवन,इमारतें, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा,पुल,सुरंग, अस्पताल आदि का निर्माण किया है। शहरीकरण में तेजी से इजाफा हुआ है। गांव भी अब शहर बनते चले जा रहे हैं। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि आज जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण मनुष्य ही है। जंगलों की लगातार अंधाधुंध कटाई, धरती का अंधाधुंध तरीके से दोहन का प्रभाव हमारे देश की जलवायु, वातावरण, पारिस्थितिकीय तंत्र पर पड़ा है। आज बढ़ते औधोगीकरण, विकास व तकनीक के बीच प्रदूषण में लगातार बढ़ोतरी होती चली जा रही है। धरती पर ग्रीन हाउस गैसों में काफी इजाफा हुआ है, लेकिन उस अनुरूप प्रदूषण को रोकने के उपाय नाकाफी ही हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण आज लगातार रेगिस्तानों में इजाफा हो रहा है।

## बस मरता एक बार है...

डॉ. सुरेश कुमार

एक मास्टर जी जिंदगी भर पढ़ाने के लिए तरसते रहे। तरसते-तरसते इस दुनिया को अलविदा कह गए। मरते समय उन्होंने एक चिट्ठी लिखी थी। वही उनकी अंतिम निशानी और इच्छा थी। उसमें उन्होंने लिखा - मैं जब मर जाऊँ तो नाक के पास अंगुली लगाकर एक बार देख लेना कि कहीं जीवित तो नहीं हूँ। हाँ यह सब जेब देखने के बाद भी कर सकते हो। मतलब के बाद ही बेमतलब की चीजें करने में समझदारी समझी जाती हैं। मेरी सांसें मोहताज थी किसी की, उसे लेने में कोई शर्म नहीं है और न मुझे देने में। हाँ जेब की चीजें खुद से नहीं दे सकता। एटीएम कार्ड पड़ा है। निकाल लेना। तुरंत जाकर पिन झ्र एक तेरह सात दबा देना। वहीं से तुम्हारा मेरा साथ खत्म हो जाएगा। मुझे पैसों की चिंता नहीं है। चिंता तो मेरी चिता की है। एक अंतिम इच्छा है। हो सके तो पूरा कर देना। मेरे शव को दफनाते समय कफन की बजाय पुराने नोटबुक के कागज, पत्र-पत्रिका के पन्नों से मुझे ओढ़ा देना। कम से कम पढ़ने-लिखने के काम तो आयेंगे। कपड़े का क्या है। चिता को छू जाए तो कफन बन जाता है और जीते जी किसी भूखे-नंगे के बदन को ढक दे तो लाज बनकर शान बन जाता है। कम से कम इसी बहाने जाते-जाते कुछ बच्चों को मुस्कुराने का अवसर तो दूँगा। मैं न मुस्कुरा सका तो क्या हुआ, दुनिया में लाखों रुलाने वालों की तरह मैं उनकी गिनती में शामिल होने से बच जाऊँगा। यही एक पुण्य काफी है इस पापी दुनिया से बच बचाकर निकलने का। मुझे मिट्टी में मत दफनाना।

# डिप्टी जेलर गिरफ्तार, नियाज के घर से लाखों की नकदी बरामद

## एसपी ने की पत्रकारों से वार्ता

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने बताया कि जेल मिलनकांड मामले में प्रदेश स्तर से बांदा, हमीरपुर, महोबा से 208 पुलिस कर्मियों को इस कार्यवाही में शामिल किया गया है। पुलिस ने जेल में बन्द निखत के चालक नियाज के घर से चार लाख रुपये नकद, स्कार्पियो गाडी आदि बरामद किये हैं।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुईं। उन्होंने बताया कि दस फरवरी को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के साथ उन्होंने जिला कारागार में औचक जांच की थी। औचक जांच में जेल में बन्द अपराधी अब्बास अंसारी व उसकी पत्नी निखत बानो अन्य सहयोगियों समेत अवैध गतिविधियां मिली थीं। इस बाबत कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज किया गया था। मुकदमे में निखत बानो, सहयोगी चालक नियाज को गिरफ्तार किया गया था। विवेचना में नामजद अभियुक्तों के मुख्य सहयोगी फराज खान व नवनीत सचान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस कप्तान ने बताया कि 26 फरवरी को विवेचना के क्रम में 18 टीमों का गठन कर प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई। इस पूरी कार्यवाही में बांदा, हमीरपुर, महोबा से 208 पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया। छापेमारी में नियाज अंसारी के गांव




रेवतीपुर जिला गाजीपुर से चार लाख रुपये नकद, स्कार्पियो गाडी यूपी 15-एपी 8000, दस लाख रुपये की एसबीआई खाते की एफडी की छायाप्रति जो नियाज के पिता मुन्ना अंसारी के नाम है। नियाज अंसारी के मोबाइल नम्बर 6392419861 पर मनी ट्रांसफर की विभिन्न नाम की पांच पर्चियां पचास हजार रुपये की, एक एसबीआई चेक बुक मुन्ना अंसारी के नाम जिसमें चार चेक काटे गये हैं। ये सभी वस्तुयें पुलिस ने बरामद की हैं। अन्य स्थानों से संदिग्ध दस्तावेज मिले हैं, जिनकी पुष्टि की जा रही है। मुकदमे के विवेचना से प्रकाश में आई अभियुक्ता चन्द्रकला पत्नी रामआसरे गौतम निवासी ई-837 सेक्टर 1 एलडीए कालोनी कानपुर रोड थाना आशियाना लखनऊ की गिरफ्तारी की गई है। वह डिप्टी जेलर के पद पर जिला कारागार चित्रकूट में तैनात थीं। शेष अभियुक्तों से पूंछताछ एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही जारी है।

# दो के कब्जे से पुलिस ने बरामद किया साढे 22 किलो गांजा

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** जीआरपी व आरपीएफ पुलिस ने संयुक्त जांच में प्लेटफार्म नम्बर एक प्रयागराज आउटर में दो लोगो को दबोचकर 22 किलो छह सौ ग्राम सूखा गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। दोनों टेज्न से गांजा तस्करी में लिप्त पाये गये।

मंगलवार को सवेरे चार बजे आरपीएफ व जीआरपी पुलिस संयुक्त जांच में दो संदिग्ध पुलिस को देखते ही भागने लगे। प्रयागराज आउटर पर दो लोग दो ट्राली बैग लेकर भाग रहे थे।



जीआरपी प्रभारी दिलीप मिश्रा, दीवान इकरार अहमद, सफीक अहमद, सिपाही भूपेन्द्र व आरपीएफ के आशुतोष व वीरेन्द्र सिंह ने दौडकर दोनों को दबोच लिया। दोनों के कब्जे से पुलिस ने 22 किलो 600 ग्राम सूखा गांजा बरामद कर लिया।

पूंछताछ में पुलिस को नाम-पता आदर्श कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी पश्चिम शरीरा जिला कौशाम्बी व दूसरे ने अमन शुक्ला पुत्र सुरेशचन्द्र शुक्ला निवासी महेवा घाट कौशाम्बी बताया है। जीआरपी ने दोनों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। जीआरपी थाना प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा ने बताया कि जांच में प्रयागराज आउटर के पास दोनों को दौडाकर पकडा है। तलाशी में सूखा गांजा बरामद हुआ है।

# टाइगर रिजर्व बनने से पाठा का विकास होगा या विनाश

## आने वाला समय बतायेगा

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** प्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की बड़ी सौगात देने के बाद अब जिले के रानीपुर वन्य जीव विहार को टाइगर रिजर्व के रूप में विकसित करने की बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गठित उत्तर प्रदेश वन जीव बिहार बोर्ड ने दस जुलाई 2022 को जिले के रानीपुर वन्य जीव बिहार को प्रदेश का चैथा टाइगर रिजर्व बनाने के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी है। चित्रकूट का टाइगर रिजर्व का रेस्क्यू सेंटर बहिलपुरवा गांव बनाया जाएगा। टाइगर रिजर्व पूरे 630 वर्ग किलोमीटर में फैला होगा केन बेतवा लिंक परियोजना के फल स्वरुप पन्ना टाइगर रिजर्व में जलभराव के कारण यहां के शेर और बाघ चित्रकूट की ओर आएंगे इसलिए सरकार ने यहां टाइगर



रिजर्व रहने का फैसला लिया था। सरकार ने इस प्रोजेक्ट को तैयार करने के लिए 2 वर्ष का समय दिया है। चित्रकूट के लोगों ने प्रदेश सरकार के इस फैसले को सराहनीय बताया तो कई स्थानीयो ने इस प्रोजेक्ट पर सवाल खड़े कर दिये है सरकार के नुमाइंदों की माने तो इससे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही पर्यटकों के आने से क्षेत्र का विकास भी होगा साथ ही साथ पर्यटन को आधार बना कर लोगो को रोजगार भी मिलेगा।

इस जंगल मे सागौन, शीशम, साखू, महुआ, हल्दी जैसी इमारती लकड़ियों के साथ ही तेंदू (बीड़ी पत्ती) आँवला, चिरौंजी, अर्जुन के पेड़ मुरेठी, हरबहेड, पेटमोरीं, प्रचुर मात्रा में है। जिसे पूर्व में ठेके के माध्यम से इनका दोहन किया जाता था। जिससे स्थानीय लोगो को रोजगार मिलता था। फिर आगे नियम बदले तो लकड़ी काटने में प्रतिबंध लगा तो फिर सिर्फ बचा खनिज के रूप में बाक्साइड जिसकी माईन (खदान) ने लोगो को भरपूर काम दिया। क्षेत्र के लोग ने पहली बार फैक्ट्री के रूप में बाक्साइड के पाउडर बनाने वाली एक प्रॉसेसिंग वाली यूनिट पा कर काफी खुश थे। जिससे लोगो को रोजगार मिल रहा था, पर 1980 के दशक मे क्षेत्र को वन्यजीव बिहार घोषित कर बाक्साइड खनन पर रोक लगा दी तो फैक्ट्री के पहिये रुक गए।

# अन्यायपूर्ण बजट वापस लेने की मांग: रुद्र

## राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सौंपा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** माकपा के जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र की अगुवाई में माकपाइयों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए केन्द्रीय बजट को लेकर राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि केन्द्रीय बजट की मीडिया तारीफ कर रहा है। हकीकत में बजट में ऐसा कुछ नहीं है। मंगलवार को माकपा के जिला सचिव रुद्र प्रसाद मिश्र की अगुवाई में माकपाइयों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे। यहां प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार रामानन्द मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि मनरेगा का पिछले साल का बजट 89 हजार करोड रुपये था। वित्तीय वर्ष के लिए सिर्फ 60 हजार करोड रुपये है। ग्रामीण विकास क्षेत्र में कृषि बजट 124 हजार करोड से घटाकर 115.531 करोड रुपये कर दिया है।



प्रधानमंत्री फसल बीमा में पिछले साल 15550 करोड से घटाकर 13625 करोड किया है। फटीर्लाइजर अनुदान में पिछले साल 225 हजार करोड रुपये घटाकर 175 हजार करोड कर दिया है। रासायनिक खाद के दाम में भारी बढोत्तरी की गई है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में 10433 करोड से घटाकर 7150 करोड कर दिया है। ग्रामीण रोजगार के लिए 153.525 करोड से घटाकर 104.174 करोड कर दिया है। किसान सम्मान निधि में 60 हजार करोड रुपये आवंटित किये हैं। जबकि वास्तविक जरूरत 72 हजार करोड रुपये की होगी।

उन्होंने ज्ञापन में कहा कि प्रधानमंत्री सिंचाई योजना में पिछले साल 21954 करोड से घटाकर 10787 करोड रुपये ही आवंटित किये हैं। अन्याय पूर्ण बजट के खिलाफ माकपा जिला कमेटी ने मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर अन्यायपूर्ण आवंटन को वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन देने में का अजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, शिवम द्विवेदी, रामसहाय सिंह, रामप्रताप विश्वकर्मा, राकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव की रही धूम,मेधावियों को किया गया सम्मानित

**वाराणसी। पिंडरा** विकास खण्ड के एक दर्जन पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसमें पुरातन छात्रों व मेधावी छात्रों तथा रिटार्यड शिक्षकों को सम्मनित किया।इस दौरान छात्र छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति की।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाबतपुर में हुए वार्षिकोत्सव के मुख्य अतिथि पूर्व बीईओ मंगरु राम रहे।इस दौरान वार्षिकोत्सव व पुरातन छात्र समारोह ने भाग लिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक राजेश कौल ने पूर्व बीईओ को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वही इसके अलावा कम्पोजिट विद्यालय मंगारी, धर्मनपुर , प्राथमिक विद्यालय भानपुर थाना प्रथम, व द्वितीय व रामपुर तथा काशी विद्यापीठ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सगहट में हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि बीईओ प्रदीप मिश्रा रहे।

# फटाफट खबरें

## समिति के चुनाव में धांधली की आशंका, मनमानी ढंग से बनाए जा रहे सदस्य

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिले में साधन सहकारी समिति का चुनावी बिगुल बज चुका है। चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदारों की होड़ लगी हुई है। जिसमें वर्तमान अध्यक्ष द्वारा सचिव से साठ गांठ पर पुनः अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने की तैयारी चल रही ह।

मंगलवार को सबसे बडी धांधली साधन सहकारी समिति ऐचवारा में देखने को मिल सकती है। जिसमें वर्तमान अध्यक्ष द्वारा सचिव से साठ गांठ कर चुनाव में धांधली की जा सकती है। सूत्रों के अनुसार साधन सहकारी समिति ऐचवारा में सचिव शिव की तैनाती है जो कभी भी सहकारी समिति कार्यालय नही जाता है उनकी जगह पर साधन सहकारी समिति के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शारदा शुक्ला द्वारा सचिव का कार्यभार देखा जा रहा है। जो स्थानीय होने के चलते स्थानीय गांव के वर्तमान अध्यक्ष की सह पर कार्य करता है।

जिसका जीता जागता उदाहरण यह है कि साधन सहकारी समिति के होने वाले चुनाव के दौरान सदस्यों को मनमाने तरीके से जोड़ा गया है। जिसमें न तो मुनादी कराई गई है और न ही समिति कार्यालय में कोई नोटिस चस्पा कराई गई है। जिसके कारण किसानों को पूर्ण रूप से जानकारी भी नही हो पाई है। जिसके कारण साधन सहकारी समिति का चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है।

साधन सहकारी समिति ऐचवारा में वर्तमान अध्यक्ष, सचिव चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मिलीभगत से सहकारी समिति के चुनाव में घोर धांधली की आशंका जताई जा रही है। जिला प्रशासन कब मामले को संज्ञान में लेते हुए साधन सहकारी समिति चुनाव में बिना मुनादी कराए व बिना नोटिस चस्पा कराए। सदस्यों को जोड़ने वाले वर्तमान अध्यक्ष, सचिव व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मनमानी की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने का काम करेगा यह एक बड़ा सवाल है।

## अनुदान पाने को अपनायें प्रक्रिया: राजकुमार

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राज कुमार ने बताया कि कृषि अनुभाग-2 उप्र शासन के निर्देश के क्रम में संब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के क्रियान्वयन एवं सामान्य संचालन को प्रक्रिया के निर्धारण विषय में दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

मंगलवार को उन्होंने बताया कि शासनादेश में निहित प्राविधिनों के क्रम में जिले के सभी किसानों को सूचित करना है कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत अनुदान पाने के इच्छुक लाभार्थियों के लिये यह अनिवार्य कर दिया गया है कि कृषि यंत्रों को क्रय करने को फर्मों को भुगतान सम्बन्धित लाभार्थी अपने बैंक खाते से आरटीजीएस नेफ्ट/चेक आदि डिजिटल विकल्प से ही किये जायें, तभी अनुदान उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने बताया कि लाभार्थी ने उक्त प्रक्रिया का पालन नहीं किया तो, उसे अनुदान प्रक्रिया से वंचित कर दिया जायेगा।

## मोदीनगर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सांसद प्रतिनिधि ने पुलिस कमिश्नर से कैंप कार्यालय पर की मुलाकात

**गाजियाबाद। सांसद** प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी ने क्षेत्र से जुड़ी उक्त समस्याओं का शीघ्र निदान के लिए पुलिस कमिश्नर के आवास कैंप कार्यालय पर मुलाकात की। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विनोद गोस्वामी ने समस्याओं से अवगत कराते हुए एक लेटर पर कमिश्नर को सौंपा है जिसमे उन्होंने अवगत कराया है कि गोविंद पुरी के मोदी नगर पुलिस चौकी क्षेत्र के अधीन आधा दर्जन बड़े गांव व दर्जनभर कॉलोनिया, बाजार, कॉलेज, बैंक और प्रतिष्ठान आदि आते हैं।

इस क्षेत्र की आबादी डेढ़ लाख से ऊपर हो चुकी है जिसे देखते हुए एसएसपी रहे जय नारायण सिंह, रघुवीर लाल व दीपक कुमार के माध्यम से इसे थाने का दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था जो लंबित चला आ रहा है। जनहित को ध्यान में रखकर इसे रिपोर्टिंग चौकी या थाने का दर्जा दिया जाए। उत्तर भारत के चैत्र मास में लगने वाले मार्च माह में सीकरी खुर्द मेले में नवरात्रों के दिनों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरांचल आदि प्रांतों से लगभग दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। व्यवस्था ठीक नहीं होने पर आवागमन ठप हो जाता है जिसके मद्देनजर पुलिस कमिश्नरी बनने के बाद यातायात व्यवस्था में बाधक बनने वाले कार्य को नगरपालिका पंचायत एनसीईआरटी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ सहयोग वार्ता कर कार्य पहले ही पूर्ण करा लिया जाए जिससे जाम से निजात मिल सके और यातायात व्यवस्था बेहतर हो सके।

उन्होंने मोदीनगर में यात्रियों के आवागमन के लिए अवगत कराते हुए लिखा कि क्षेत्र में चलने वाले यात्री वाहन बस, टेंपो, ई रिक्शा आदि के ठहराव स्थल चिन्हित कर पुलिसकर्मियों को उक्त स्थल पर तैनाती की जाए और शहर के प्रमुख स्थल बस स्टैंड, रेलवे रोड, मोदी मंदिर, राज चौपला, गोविंदपुरी, छाया पब्लिक स्कूल आदि स्थानों पर फैले हुए अतिक्रमण वह बेतरतिव से खड़े होने वाले वाहनो पर अंकुश लगाया जाए जिससे यात्री वाहनों का आवागमन आसानी से हो सके।

## अनपढ़ महिला का हस्ताक्षर बनाकर खाता संचालित करने का मामला गरमाया

**मिल्कीपुर-अयोध्या। विद्यालय** प्रबंध समिति की अनपढ़ अध्यक्ष का निशानी अंगूठा लगवाने के बजाय फर्जी हस्ताक्षर बनाकर प्रधानाध्यापक द्वारा खाता संचालित किए जाने का मामला पूरी तरह से गरमा गया है जानकारी के बाद प्राथकि विद्यालय बसापुर की प्रबंध समिति की अध्यक्ष ने जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कुमारगंज के शाखा प्रबंधक को शिकायती प्रार्थना पत्र प्रेषित कर कार्यवाही किए जाने की गुहार की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत सिधौना अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बशापुर में विगत कई वर्षों से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मी पांडे पत्नी कृष्ण कुमार पांडे को नियुक्त किया गया था। पीड़ित महिला लक्ष्मी पांडे का आरोप है कि पूरी तरह से अनपढ़ है और उसका अंगूठा सादे कागज पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक प्रतिभा सिंह द्वारा लगवा दिया गया था। इसके उपरांत बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा कुमारगंज में विद्यालय प्रबंध समिति का खाता प्रधानाध्यापक प्रतिभा सिंह द्वारा खुलवा लिया गया था और उसके अनपढ़ होने के बावजूद हस्ताक्षर में एल पी लिखकर उनके द्वारा खाते का संचालन काफी दिनों से किया जाता रहा।

## परमात्मा की कृपा से जो भी कुछ हमें प्राप्त हो उसका सम्मान करते हुए उपयोग करना चाहिए

**गाजियाबाद। खिंदौड़ा गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण** में 21 फरवरी से चल रही श्री मद भागवत कथा का 28 फरवरी को समापन हो गया। श्री मद भागवत कथा में सातवें दिन कथा का वाचन करते हुए श्री सत्यानंद महाराज ने बताया कि भगवान द्वारिकाधीश के ऐश्वर्य देने के बाद भी सुदामा जी ने उसे स्वीकार नहीं किया और भजन करने के लिए उसका परित्याग करके वन में जाने लगे।

इसलिए परमात्मा की कृपा से जो भी कुछ हमें प्राप्त हो उसका सम्मान करते हुए उपयोग करना चाहिए। इसलिए सुदामा जी रुक गए और प्रभु की कृपा से प्राप्त धन का आनंद लेने लगे।

# न्यूज झरोखा

## होली पर्व: रोड किनारे से हटवाया अतिक्रमण, नायब तहसीलदार-ईओ की मौजूदगी में अतिक्रमण न करने के निर्देश



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर नगर में सड़कों में अतिक्रमण करने वालों पर चला प्रशासन का डंडा। सड़क में कब्जा किये लोगों का सामान हटवाया एवं पटरी में कब्जा किये दुकानदारों की गुमटी हटाई। अवैध अतिक्रमण न करने के कडे निर्देश दिये।

मंगलवार को मानिकपुर तहसीलदार विवेक कुमार की अगुवाई में अधिशाषी अधिकारी राम आशीष वर्मा ने नगर पंचायत के कर्मचारियों व कोतवाली पुलिस के साथ कस्बे के गुरौला रोड, सुभाष नगर, शास्त्री नगर, आर्य नगर, गांधी नगर व पटेल नगर मोहल्ले में मुख्य बाजार में ठेलिया, गुमटी व दुकानदार सामान लगा कर सड़क की पटरी में अवैध रूप से कब्जा किये लोगों का कब्जा हटवाकर सड़कें खाली कराई गई है। सभी को निर्देश दिये कि दुबारा सड़क में कब्जा न करें। अन्यथा उनके ऊपर जुमार्ना के साथ सामान जब्त कर लिया जाएगा।

इस पूरे मामले में नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी राम आशीष वर्मा का कहना है कि एसडीएम मानिकपुर प्रमेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश के बाद नायब तहसीलदार, कोतवाली के साथ कस्बे के अंदर रोड के किनारे दुकानदारों के अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया है। सख्त निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी दोबारा रोड किनारे अतिक्रमण न करें अन्यथा की स्थिति में उन पर जुमार्ना और करवाई की जाएगी।

## युवक के प्राइवेट पार्ट में डाला एयर पाइप, मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद। थाना** सिहानीगेट पर एक व्यक्ति ने तहरीर दी कि उनका छोटा भाई एक पेट्रोल पंप पर काम करता है। उनके छोटे भाई के साथ ही काम करने वाले व्यक्ति ने उनके छोटे भाई के प्राइवेट पार्ट में एयर नोजेल से एयर डाल दी, जिससे की पीड़ित को हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। उक्त सूचना पर थाना सिहानीगेट पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया और आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु पुलिस टीमों का गठन किया। आरोपी मौके से फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के राकेश मार्ग निवासी विजय पेट्रोल पंप पर कार वाशिंग का काम करता है। उसी पेट्रोल पंप पर मोहित निवासी हापुड कार वाशिंग का काम करता है। पीड़ित के अनुसार 25 फरवरी को मोहित उसके प्राइवेट पार्ट में एयर पाइप डालकर उसके ऊपर बैठ गया था। इस घिनौने कृत्य से पीड़ित विजय के पेट में काफी हवा भर गई थी और पेट फूल गया था। पीड़ित के भाई के अनुसार विजय को पहले में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेरठ और इसके बाद दिल्ली रेफर कर दिया गया था। पीड़ित विजय अब दिल्ली में भर्ती है जहां उसका 26 फरवरी को ऑपरेशन हो चुका है। डॉक्टरों के मुताबिक पेट में हवा भरने के कारण पेट के कई बार डैमेज हो गए है।

## स्कूटी और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में एक किशोरी समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल

**नगीना। स्कूटी और** बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में एक किशोरी समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को 108 एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पांचों घायलों को चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

थाना बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम रामजी वाला निवासी लवप्रीत पुत्र दर्शन सिंह 18 वर्ष अपनी मां गुरमीत कौर पति दर्शन फिल्म 38 वर्ष वे रितिक कुमार को बाइक से लेकर अपने गांव रामजी वाला जा रहे थे जब वह नगीना हरे हरेवली मार्ग स्थिति ग्राम बेनीपुर के पास पहुंचे उसी समय सामने से आ रहे बाइक सवार कामिल पुत्र अकरम 28 वर्ष रहनुमा पुत्री अकरम निवासी बढ़ापुर की स्कूटी से आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें पांचो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर 108 एंबुलेंस सेवा घटनास्थल पहुंची और सभी पांचों घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉक्टर नवीन चौहान ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद पांचो घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## चीन की प्रयोगशाला में कोरोना की उत्पत्ति को लेकर व्हाइट हाउस की सफाई, कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिकी ऊर्जा विभाग के चीन की प्रयोगशाला में कोरोना वायरस के जन्म के दावे के 24 घंटे बाद व्हाइट हाउस ने चुप्पी तोड़ी है। व्हाइट हाउस ने कहा कि कोविड-19 की उत्पत्ति को लेकर अभी कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं है।

सामरिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि खुफिया तंत्र और सरकार इस पर अब भी ऊर्जा विभाग के निष्कर्ष पर गौर कर रहे हैं मगर इस पर अभी तक कोई निश्चित निष्कर्ष नहीं निकाला जा सका है। इसी वजह से इस पर कुछ भी कह पाना मुश्किल है।

किर्बी से अमेरिकी ऊर्जा मंत्रालय के उस निष्कर्ष पर सवाल किया गया था, जिसमें कहा गया है कि संभवतः चीन की प्रयोगशाला में रिसाव के कारण कोविड-19 वैश्विक महामारी का कारण बना। यह निष्कर्ष हाल ही में द वॉल स्ट्रीट पत्रिका में छपा भी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन तथ्य चाहते हैं। अगर हमारे पास बताने के लिए कुछ भी ठोस तथ्य होंगे तो हम जरूर सामने रखेंगे। किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडेन पदभार ग्रहण करने के बाद से ही यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि कोविड-19 की उत्पत्ति कहां हुई। उन्होंने कहा कि इसकी उत्पत्ति पर अभी अमेरिकी सरकार के अलावा खुफिया तंत्र में सहमति नहीं है। राष्ट्रपति का मानना है कि यह जानना वास्तव में महत्वपूर्ण है।

## पाकिस्तानी सुरक्षा चौकी पर आतंकी हमला, सेना के दो अधिकारियों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर एक आतंकी हमले में पाक सुरक्षा चौकी पर तैनात दो सैन्य अफसरों की मौत हो गई है। पाकिस्तानी सेना के मुताबिक, उत्तरी वजीरिस्तान जिले के स्पिनवाम क्षेत्र में हथियारबंद लोगों ने सुरक्षा जांच चौकी पर गोलीबारी की। पाकिस्तानी सेना के जवाबी हमले में दो हमलावर मारे गए, जबकि दो अन्य को गोला-बारूद के साथ पकड़ा गया। हमलावरों को खदेड़ने के लिए इलाके में तलाशी की जा रही है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की निंदा की है। उन्होंने पाकिस्तानी सेना के दो अधिकारियों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। हालांकि इस हमले की किसी आतंकवादी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान में पिछले कुछ समय से हथियारबंद लड़ाकों के हमले की घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। पाकिस्तान फिलहाल अशांति की चपेट में है और देश में हिंसा की ज्यादातर घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हो रही हैं। हालांकि बलूचिस्तान, पंजाब और सिंध प्रांत भी हिंसा के चपेट में हैं। देश में मस्जिदें भी हमलावरों से सुरक्षित नहीं हैं। 30 जनवरी को टीटीपी के एक आत्मघाती हमलावर ने पेशावर की एक मस्जिद में दोपहर की नमाज के दौरान खुद को उड़ा लिया। इस हमले में 101 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। मरने वालों में अधिकतर पुलिस कर्मी शामिल थे।

## भारत के सहयोग से नेपाल में निर्मित कॉलेज भवन अधिकारियों को सौंपा

**काठमांडू।** भारत सरकार के सहयोग से नवनिर्मित मदन भंडारी स्मृति कॉलेज का भवन नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया है। काठमांडू स्थित कॉलेज



में आयोजित एक समारोह में कार्यक्रम में नेपाल के पूर्व विदेश मंत्री एवं कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेन्द्र बहादुर पांडेय, मदन भंडारी फाउंडेशन के अध्यक्ष उषाकिरण भंडारी भी मौजूद थे। उषाकिरण नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी की बेटी हैं। इस कॉलेज की स्थापना सीपीएन (यूएमएल) के दिवंगत महासचिव मदन भंडारी की याद में की गई थी। वह वर्तमान राष्ट्रपति भंडारी के पति हैं। नेपाल में भारतीय दूतावास के अनुसार, कॉलेज को 28.6 मिलियन नेपाली रुपये की लागत से बनाया गया था। बताया जाता है कि कॉलेज में 1500 छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। दूतावास के अनुसार 2003 से भारत ने नेपाल में 535 से अधिक उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं का संचालन किया है, जिनमें से 478 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

# पाक में शाहबाज दे सकते हैं इस्तीफा

## 3 नए विकल्पों पर चर्चा, नेशनल या टेक्नोक्रेट सरकार नहीं बनी तो फौजी हुकूमत आएगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पर विदेशी कर्ज 100 अरब डॉलर हो चुका है। महंगाई दर 40फीसदी के करीब हो गई। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड कर्ज की किश्त जारी करने तैयार नहीं है। चीन ने गुप्त शर्तों पर 700 मिलियन डॉलर फिर बतौर कर्ज दिए और पाकिस्तान को दिवालिया होने से कुछ दिन और बचा लिया। अब खबरें हैं कि शाहबाज शरीफ कुर्सी छोड़ सकते हैं।

इन सबके बीच, एक बहस फिर जोर पकड़ रही है कि मुल्क को इन मुश्किलों से आखिर कैसे निकाला जाए। तीन विकल्प



गिनाए जा रहे हैं। पहला- नेशनल गवर्नमेंट। दूसरा-टेक्नोक्रेट गवर्नमेंट और तीसरा- मार्शल लॉ यानी फौजी हुकूमत।

यहां हम इन तीनों विकल्पों को समझते हैं और ये भी जानते हैं कि ये कितने कारगर साबित हो सकते हैं। क्या इन्हें आजमाया भी जा सकता है, या नहीं। तो चलिए विस्तार से समझते हैं।महज 3 अरब डॉलर के फॉरेन रिजर्व (डिपॉजिट) के साथ दिवालिया होने की कगार पर खड़े पाकिस्तान को बचाने की आखिरी कोशिश शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने बुधवार रात सरकारी खर्च में जबरदस्त कटौती से जुड़े अहम ऐलान किए। कहा- मैं और कैबिनेट के बाकी मिनिस्टर्स सैलरी नहीं लेंगे। तमाम केंद्रीय मंत्री बिजली, पानी, गैस और टेलिफोन के बिल जेब से भरेंगे।

## अमेरिका, कनाडा ने 'टिकटॉक' को डेटा सुरक्षा के लिए खतरनाक माना

**वाशिंगटन/टोरंटो।** अमेरिका और कनाडा ने चीन के शॉर्ट फॉर्म वीडियो ऐप 'टिकटॉक' को सुरक्षा के लिए खतरनाक मानते हुए उसपर प्रतिबंध लगा दिया है। व्हाइट हाउस ने संघीय एजेंसियों को सभी सरकारी उपकरणों से 'टिकटॉक' को पूरी तरह हटाने के लिए 30 दिनों का समय दिया है। कनाडा ने सरकार के सभी मोबाइल फोन और उपकरणों में 'टिकटॉक' पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। अमेरिकी प्रबंधन एवं बजट कार्यालय ने 'टिकटॉक' को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इनमें कहा गया है कि यह ऐप संवेदनशील सरकारी डेटा के लिए जोखिम भरा है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय सहित कुछ एजेंसियां पहले ही इस पर प्रतिबंध लगा चुकी हैं। दिशा-निर्देशों में संघीय सरकार की बाकी एजेंसियों को 30 दिन के भीतर इसे पूरी तरह हटाने को कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि चीन की इंटरनेट प्रौद्योगिकी कंपनी 'बाइटडांस लिमिटेड' का टिकटॉक हद से ज्यादा लोकप्रिय है। करीब दो-तिहाई अमेरिकी किशोर इसका प्रयोग करते हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करते हुए कहा है कि इसे सरकारी मोबाइल फोन और उपकरणों से हटाया जाएगा। प्रतिबंध की यह कार्रवाई महज शुरुआत है। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार ने सभी संघीय कर्मचारी अब अपने मोबाइल फोन पर टिकटॉक का इस्तेमाल नहीं कर सकते। यह एप डेटा की सुरक्षा के लिए जोखिम भरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कनाडा के नागरिक भी इसका प्रयोग नहीं करेंगे।

# इजराइली नागरिकों की हत्या के बाद वेस्ट बैंक में हिंसा: नाराज लोगों ने फिलिस्तीन के 4 गावों पर हमला किया, घर-कारें जलाई

**यरूशलम।** फिलिस्तीनी गनमैन के हाथों 2 इजराइलियों की मौत के बाद वेस्ट बैंक में हिंसा भड़क गई है। वेस्ट बैंक में रह रहे इजराइली लोगों ने फिलिस्तीनी गांवों पर हमला बोल दिया। इस हमले में 37 साल के फिलिस्तीनी समीह-अल-अक्तश की मौत हो गई। वहीं करीब 390 फिलिस्तीनी घायल हुए हैं। हमला नबलस शहर के हुवारा, जतारा, बुरिन और असीर-अल-किब्लिया गांव में हुआ। हमले के बाद कई इजराइलियों ने विरोध प्रदर्शन भी किया।

इसके बाद फिलिस्तीनी हमलावरों ने एक इजराइली-अमेरिकी व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। इजराइली सेना के मुताबिक, हमलावरों ने इजराइली गाड़ियों पर तीन बार गोलियां चलाईं और बाद में अपनी गाड़ियों को भी जला दिया। अभी तक किसी भी फिलिस्तीनी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, गाजा पट्टी पर कंट्रोल करने वाले आतंकी संगठन हमास ने कहा कि ये हमला इजराइलियों के हमले का जवाब था।

**फिलिस्तीनियों पर मेटल रॉड और पत्थरों से हमला**

फिलिस्तीनी गांवों पर हुए हमले में 30 से ज्यादा घरों और करीब 100 कारों में आग लगा दी



गई। फिलिस्तीनी मीडिया के मुताबिक, लोगों पर मेटल रॉड और पत्थरों से हमला किया गया। इस दौरान इजराइली सेना ने हालात काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। हमले के बाद इजराइली अधिकारियों ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने की जानकारी दी थी। हालांकि, बाद में उनमें से 6 को छोड़ दिया गया।

**अमेरिका ने हिंसा की निंदा की**

इस हिंसा के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइज ने कहा- वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों पर हुआ हमले की हम निंदा करते हैं। हमें उम्मीद है कि इजराइल की सरकार हमले की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। साथ ही फिलिस्तीनियों को भी सही मुआवजा दिया जाएगा।

**फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने इजराइली सरकार को जिम्मेदार ठहराया**-फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने इस हिंसा के लिए इजराइली सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि ये आतंकी गतिविधि उन लोगों ने की है जो इजराइली सेना के कंट्रोल वाले इलाके में रहते हैं। दूसरी तरफ इजराइल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतनयाहू ने शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों को शांत रहते हुए इजराइली सेना की आरोपियों को पकड़ने में मदद करनी चाहिए।

# यूक्रेन के राष्ट्रपति का दावा- मारे जाएंगे पुतिन:जेलेंस्की बोले- रूसी प्रेसिडेंट के करीबी ही हत्या कर देंगे, उनका मुश्किल वक्त दूर नहीं

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमिर जेलेंस्की ने कहा है कि व्लादिमिर पुतिन को उनके करीबी ही एक दिन मार डालेंगे। जेलेंस्की का यह बयान रूस-यूक्रेन जंग पर बनी एक डॉक्यूमेंट्री में है। इसका नाम 'इयर' है। न्यूजवीक मैगजीन में इस डॉक्यूमेंट्री की जानकारी दी गई है।

रूस और यूक्रेन की जंग पिछले साल 24 फरवरी को शुरू हुई थी। इस दिन रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। दोनों ही देश अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। हाल ही में जेलेंस्की को मदद का भरोसा दिलाने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन खुद कीव पहुंचे थे।

**जेलेंस्की ने क्या कहा?**

'न्यूजवीक' मैगजीन के मुताबिक इस डॉक्यूमेंट्री में जेलेंस्की कहते हैं- वो दिन दूर नहीं, जब पुतिन के करीबी ही उनके खिलाफ काम करने लगेंगे। रूस में उनके खिलाफ आवाज उठेगी। ये ही वो मौका होगा जब पुतिन का ही कोई करीबी उनको



कत्ल कर देगा। उन्हें मेरे शब्द याद रखने चाहिए। हालांकि ये दिन कब आएगा? मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता।

जेलेंस्की का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है जब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि पुतिन के कुछ करीबी यूक्रेन और देश की बाकी कुछ नीतियों से खुश नहीं हैं। इनकी नाराजगी यूक्रेन जंग के लंबा खिंचने से और बढ़ती जा रही है।

**7 अक्टूबर से पहले मारे जाएंगे पुतिन**

यूक्रेन में रह रहे रूस के विपक्षी नेता ल्या पोनोमारेव ने पिछले महीने दावा किया था कि पुतिन का इस साल 7 अक्टूबर के पहले कत्ल कर दिया जाएगा। पुतिन के सख्त विरोधी रहे इस नेता ने कहा है कि रूसी राष्ट्रपति किसी भी सूरत में अपना 71वां जन्मदिन नहीं मना पाएंगे। उनके मुताबिक, पुतिन के कत्ल की साजिश रची जा रही है और उनकी मौत के जिम्मेदार वही लोग होंगे जो उनके काफी करीबी हैं।

इसके पहले वेस्टर्न और खासकर अमेरिकी मीडिया कई बार दावा कर चुका है कि रूसी राष्ट्रपति को कैंसर और पार्किन्सन जैसी गंभीर बीमारियां हैं और वो किसी भी वक्त कोमा में जा सकते हैं। हालांकि रूसी सरकार ने हमेशा इन दावों को खारिज किया है।

अमेरिकी मैगजीन 'न्यूजवीक' को दिए इंटरव्यू में पोनोमारेव ने कई अहम मुद्दों पर तफसील से बात की। कहा- यूक्रेन पर जीत को लेकर रूस गलत दावे कर रहा है। यूक्रेन का कोई भी हिस्सा ऐसा नहीं है, जिस पर पुतिन की फौज का 100फीसदी कंट्रोल हो।

## आतंक के खिलाफ पाकिस्तान की मंद चाल, 2020 के मुकाबले 2021 में बढ़े धमाके और सामूहिक हत्या के मामले

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पर हमेशा से आतंक के वित्तपोषण और आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगता रहा है। इसको लेकर उसे कई तरह के प्रतिबंधों का भी सामना करना पड़ा है, जिसके बाद पाकिस्तान सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान छेड़ने का दुनिया को आश्वासन दिया। हालांकि, यहां पर भी इस मुल्क ने दुनिया की आंखों में धूल झोंकने का काम किया। यूएस ब्यूरो ऑफ काउंटरटेरिज्म की रिपोर्ट कहती है कि आतंकवादियों के खात्मे को लेकर पाकिस्तान में चलाए जा रहे अभियान की चाल बहुत सुस्त है। यहां तक कि 2020 के मुकाबले पाकिस्तान में 2021 में आतंकी घटनाओं में इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में आतंकी हमलों और हताहतों की संख्या काफी अधिक थी। अमेरिकी रिपोर्ट में पाकिस्तान की जमीन पर पनप रहे आतंकी संगठनों का सीधे तौर पर नाम लिखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हमले करने वाले प्रमुख आतंकवादी संगठनों में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और आईएसआईएस-के शामिल हैं। पाकिस्तान ने आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी 2015 की राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी) की समीक्षा की और संशोधित किया, एनएपी को 20-बिंदु योजना से 14 प्रमुख बिंदुओं तक कम कर दिया, लेकिन आतंकवाद के खिलाफ सबसे कठिन पहलुओं पर अल्प प्रगति की। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में अलगाववादी आतंकवादी संगठनों ने ज्यादातर बलूचिस्तान और सिंध प्रांत को निशाना बनाया। यहां आतंकवादियों ने आईईडी, वीबीआईईडी, आत्मघाती बम विस्फोट और लक्षित हत्याओं जैसे हथकंडे अपनाए।

# ब्लिंकन की भारत यात्रा आज से, विदेश मंत्री की रवानगी से पहले अमेरिका ने की पीएम मोदी की तारीफ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की तीन दिवसीय भारत यात्रा आज(एक मार्च) से शुरू हो रही है। वह यहां जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के साथ ही साथ क्वाड मंत्रिस्तरीय बैठक और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ भी द्विपक्षीय मुलाकात करेंगे।

विदेश मंत्री ब्लिंकन अमेरिका से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। वह कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान होते हुए भारत

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध मुख्य एजेंडा होगा। इसके अलावा विदेश



मंत्री जयशंकर के साथ होने वाली द्विपक्षीय बैठक में चीन और रूस की आक्रामकता और हिंद प्रशांत क्षेत्र में शांति व्यवस्था की बहाली बैठक का मुद्दा हो सकता है। दोनों नेताओं के बीच इन मुद्दों पर बातचीत संभव है।

**बाइडन प्रशासन ने की पीएम मोदी की तारीफ**

विदेश मंत्री की रवानगी से पहले बाइडन प्रशासन ने जमकर भारत और पीएम मोदी की तारीफ की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने बताया, भारत अमेरिका का एक वैश्विक रणनीतिक साझेदार है। उन्होंने कहा, हम एक मुक्त और खुले भारत-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण को साझा करते हैं। क्वाड के साथ-साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय समूहों के संदर्भ में भारत द्विपक्षीय रूप से हमारा एक प्रमुख भागीदार है। हमने हाल ही में I22 के बारे में काफी बात की है।

**आपने पीएम मोदी को सुना..**

नेड प्राइस ने मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कहा, आपने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुना है, उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि यह युग युद्ध का युग नहीं है।

विशेष रूप से रूस नियम-आधारित आदेश और सिद्धांतों को चुनौती दे रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय कानून, सिद्धांत और मानवाधिकारों का उल्लंघन कर रहा है। हम अपने भारतीय भागीदारों के साथ इन मुद्दों पर चर्चा करना जारी रखेंगे। मुझे कोई संदेह नहीं है कि वे जी-20 में इस के आसपास सहमत होंगे।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका, सीआईए प्रमुख बोले- भारत और चीन का विरोध अहम

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खूफिया एजेंसी सीआईए के मुखिया बिल बर्न्स का कहना है कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का परमाणु हथियारों का विरोध करना, बेहद अहम है। बता दें कि रूस यूक्रेन युद्ध में अमेरिका को आशंका है कि रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है, ऐसे में अमेरिका द्वारा कोशिश की जा रही है कि रूस को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से रोका जा सके। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने भारत और चीन को रूस से बात करने की अपील की थी ताकि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को रोका जा सके। ऐसे हालात में भारत और चीन ने जिस तरह से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का विरोध किया है, उस



पर अमेरिका ने संतोष जताया है।

एक इंटरव्यू के दौरान बर्न्स ने बताया कि बीते साल रूस की खूफिया एजेंसी के प्रमुख सर्गेई नरशकिन के साथ, उनकी तुर्किये में मुलाकात हुई थी। बर्न्स ने बताया कि यह बातचीत बेहद निराशाजनक रही। इस बातचीत के दौरान बर्न्स ने सर्गेई नरशकिन और उनके द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यह संदेश देने की कोशिश की कि अगर उन्होंने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल किया तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सीआईए चीफ ने कहा कि नरशकिन और रूसी राष्ट्रपति भी इसकी गंभीरता को समझते हैं। ये भी अहम है कि चीनी नेतृत्व और भारत के प्रधानमंत्री मोदी भी साफ कर चुके हैं कि वह किसी भी तरह के परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का विरोध करेंगे।

बर्न्स ने कहा कि नरशकिन के साथ बातचीत में उन्हें एहसास हुआ कि पुतिन अभी भी अहंकार में हैं और उन्हें लगता है कि वह सबकुछ नियंत्रित कर सकते हैं। पुतिन को लगता है कि वह यूक्रेन को तबाह कर सकते हैं और यूक्रेन के सहयोगी यूरोपीय देशों को भी झुका सकते हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और रूस के बीच स्टेटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी थी, जिसके तहत दोनों देश परमाणु हथियारों के एक दूसरे के भंडारों का निरीक्षण करते थे लेकिन अब रूस ने इस संधि से निकलने का एलान कर पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। पुतिन यूक्रेन युद्ध के दौरान कह भी चुके हैं कि अगर जरूरत पड़ी तो वह परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से नहीं चूकेंगे।

# शक्तिकांत दास से बिल गेट्स ने की मुलाकात, कई मुद्दों पर की चर्चा

**नई दिल्ली/मुंबई।** दुनिया की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स मुंबई स्थित रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के मुख्यालय पहुंचे। बिल गेट्स ने आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ मुलाकात की। इस दौरान वे शक्तिकांत दास के साथ कई मामलों पर चर्चा की।



आरबीआई ने इस मुलाकात की तस्वीरें भी ट्विटर पर शेयर की है। आरबीआई के मुताबिक बिल गेट्स आज आरबीआई के मुंबई हेडक्वाटर में गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ कई मामलों पर चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान शक्तिकांत दास ने बिल गेट्स को एक किताब भी भेंट की। उल्लेखनीय है कि बिल गेट्स ने हाल ही में भारत में बिजनेस करने की इच्छा जाहिर की थी। गेट्स ने एक दिन पहले एक ट्वीट कर कहा था, किसी और देश की तरह भारत के पास सीमित संसाधन हैं। इस देश ने दिखाया है कि कैसे बाधाओं के साथ भी तरक्की की जा सकती है। बिल गेट्स भारत में स्वास्थ्य और शिक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में बिजनेस के मौके तलाशने के लिए भारत की यात्रा पर हैं।